

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

लूला चौथी बार ब्राजील के राष्ट्रपति निर्वाचित



रियो डी जिनेरियो। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुखर आलोचक ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा रविवार को चौथी बार राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। इस चुनाव परिणाम से लातिन अमेरिका में अमेरिका के बढ़ते प्रभाव की आलोचना करने वालों को राहत मिली है। मतगणना में 100 प्रतिशत वोटों की गिनती पूरी होने के बाद ब्राजील के निर्वाचन न्यायालय ने घोषणा की। 81 वर्ष के होने जा रहे लूला ने अपने प्रतिद्वंद्वी फ्लावियो बोल्सोनारो पर करीब 44 लाख वोटों की निर्णायक बढ़त हासिल कर ली है। लूला को कुल मतों का 51.8 प्रतिशत मिला।

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026



विधायक-सांसदों को पुराने नेताओं को साथ लेकर चलने और कार्यक्रमों में बुलाने की सलाह

मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड लेकर पहुंचीं स्मृति नसीहत-प्रभार वाले जिलों का दौरा ज्यादा करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी ने मंत्रियों की बैठक सत्ता और संगठन के तालमेल पर जोर दिया। वन-टू-वन सबसे पूछा कि कौन अपने प्रभार वाले जिलों का कितना दौरा कर रहे हैं? उनसे जनहित के कामों के बारे में सवाल किए गए। एक-एक मंत्री का रिपोर्ट कार्ड साथ में लेकर पहुंची प्रदेश प्रभारी ने दो टूक कहा, सभी मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों में ज्यादा से ज्यादा दौरा करें और जनहित के कामों को प्राथमिकता के साथ अफसरों से पूरा कराया जाए।

इसी के साथ विधायक और सांसदों से पुराने नेताओं को साथ लेकर चलने और कार्यक्रमों में बुलाने की नसीहत के साथ जनता और कार्यकर्ताओं के साथ त्योहारों में भोज का भी आयोजन करने की नसीहत दी है। कोर ग्रुप की बैठक में भी सत्ता और संगठन में तालमेल पर चर्चा की गई। विधायक और सांसदों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को प्राथमिकता के साथ अपने सोशल मीडिया अकाउंट में पोस्ट करने के लिए भी कहा गया। प्रदेश प्रभारी श्रीमती ईरानी से अपने दौरे से दूसरे दिन सबसे अहम मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों के साथ बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर

नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी का सत्ता और संगठन के तालमेल पर जोर



कोर ग्रुप में सत्ता-संगठन के तालमेल पर चर्चा

अंत में प्रदेश प्रभारी ने कोर ग्रुप की बैठक ली। इसमें औपचारिक परिचय भी हुआ। इसके बाद मिशन-2028 और 29 को लेकर चर्चा के साथ सबसे अहम सत्ता और संगठन के साथ तालमेल बनाने की नसीहत दी गई और कहा गया सत्ता और संगठन को मिलकर काम करना है, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। पुराने नेताओं को भी साथ लेकर चलने पर जोर दिया गया।

पुराने नेताओं को साथ लेकर चलें

मंत्रिमंडल की बैठक के पहले प्रदेश प्रभारी ने विधायक और सांसदों के साथ अलग से बैठक की। इस बैठक में उन्होंने विधायकों से पूछा कि पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद कार्यक्रमों में आते हैं या नहीं। जब इनके न आने की बात सामने आई तो विधायकों से कहा गया, पुराने सभी नेताओं को साथ लेकर चलें और उनको कार्यक्रमों में भी सम्मान के साथ बुलाया जाए। एक-एक विधायक से उनके विधानसभा क्षेत्र की स्थिति की भी जानकारी प्रदेश प्रभारी ने ली और यह भी पूछा कि उनके क्षेत्र मे कैसे जीत मिलेगी। इसी के साथ जिन विधानसभाओं में भाजपा को पिछली बार जीत नहीं मिली थी, उसके बारे में चर्चा की गई कि वहां पर भाजपा को कैसे जीत मिल सकती है। मिशन-2028 विधानसभा ⏭शेष पेज 7 पर

रविवार की रात चेकिंग के दौरान पुलिस ने पकड़ा, दो गिरफ्तार

पिकअप में मिला 4 करोड़ कैश, गुप्त चेंबर में छिपाकर ले जा रहे थे नागपुर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

खुर्सीपार पुलिस ने रविवार की रात करीब 11 बजे पिकअप सीजी 04 यूक्यू 5996 में बनाए गए गुप्त चेंबर में 4 करोड़ रुपए कैश बरामद किया है। पुलिस ने भवेश भाई जीनाभाई डाभी और विष्णु देव दुबे को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। बहरहाल पुलिस ने इस मामले को लेकर इनकम टैक्स विभाग को सौंप दिया है। मामले में आगे की कार्रवाई इनकम टैक्स विभाग करेगा। पुलिस अब तक यह पता नहीं लगा पाई है कि कैश किसने रखवाया, इसे नागपुर में कहां ले जाया जा रहा था। इसे छिपाकर क्यों रखा गया था। जानकारी के मुताबिक रायपुर के भनपुरी में जीडी ट्रांसपोर्ट से पैसा लोड किया गया था। इसे नागपुर लेकर जाया जा रहा था। पुलिस को सूचना मिलने पर रात 11 बजे खुर्सीपार के डबरापारा के पास वाहन सीजी ⏭शेष पेज 7 पर

इससे जुड़े लोगों तक पहुंचेगी पुलिस

दोनों व्यक्तियों से मिले रकम के स्रोत, स्वामित्व और परिवहन के उद्देश्य के बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। मामले में नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई। बरामद रकम के वित्तीय स्रोत और अन्य तथ्यों की गहन जांच के लिए आयकर विभाग को सूचना भेजी जा रही है। इससे जुड़े लोगों तक पुलिस पहुंचने का प्रयास कर टीम बनाई गई है। जल्द इसमें बड़ा खुलासा पुलिस कर सकती है। इसके अलावा वाहन मालिक और गुप्त चेंबर बनाने वाले पर भी शिकंजा कसने का प्रयास पुलिस का जारी है।

मामले में पुलिस की जांच जारी

सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की है। जांच के दौरान वाहन में बने गुप्त चेंबर से 4 करोड़ रुपए नकद मिले है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

-शोभराज अग्रवाल, एएसपी दुर्ग

प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी विकास और समस्याओं पर करेंगे चर्चा

जशपुर में हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद कल, मुख्यमंत्री साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई साल पूर्ण होने पर हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद कार्यक्रम 28 अक्टूबर को जिले में आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों व सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ जिले के विकास एवं समस्याओं पर संवाद करेंगे। जिला संवाद कार्यक्रम ⏭शेष पेज 7 पर



पीएम मोदी ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधिमंडलों से मिले



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रूस, चीन, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात समेत ब्रिक्स देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। यहां स्थित संविधान सदन में आयोजित 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच में ब्रिक्स के सदस्य और साझेदार देशों के संसदीय नेता एक साथ जुटे है। इस मंच का उद्देश्य संसदीय सहयोग को मजबूत करने और जन-केंद्रित विकास को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करना है। 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच के उद्घाटन सत्र के बाद प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स देशों के संसदीय प्रतिनिधि - मंडलों के साथ बातचीत की।

गोवर्धन पूजा पर सार्वजनिक अवकाश

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य के कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए दीपावली के दूसरे दिन अर्थात गोवर्धन पूजा पर सार्वजनिक/सामान्य अवकाश की घोषणा की है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस वर्ष यह अवकाश 9 नवंबर को रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, इससे पहले यह पर्व ऐच्छिक अवकाश की सूची में था। अब शासन ने इसमें संशोधन करते हुए इसे सार्वजनिक/सामान्य अवकाश में परिवर्तित कर दिया है। इस आधिकारिक घोषणा के बाद अब 9 नवंबर 2026 को राज्य में सभी संबंधित शासकीय कार्यालयों और संस्थानों में गोवर्धन पूजा के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा।



फॉर्म 6 में बदलाव नहीं, एसआईआर के तीनों आदेश सर्वसम्मति से जारी

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा, उठ रहे सवालों पर रक्षा पक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया है। हलफनामे में चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दायर उस याचिका का कड़ा विरोध किया है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार अन्य दो निर्वाचन आयुक्तों- सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की मंजूरी के बिना ही फैसले ले रहे हैं। चुनाव आयोग ने हलफनामे में कहा है कि यह याचिका पूरी तरह से केवल एक अखबार की रिपोर्ट पर आधारित है और सुनवाई योग्य नहीं है। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को चुनाव आयोग के कामकाज से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करने वाला है। ये याचिकाएं आयोग के कामकाज को लेकर 23 सितंबर को एक अखबार में प्रकाशित खबर के बाद दायर की गई थीं।

हलफनामे में अखबार की खबर की भी हुई पुष्टि

हलफनामे में अखबार की उस खबर की पुष्टि की गई है, जिसमें बताया गया था कि दोनों निर्वाचन आयुक्तों ने वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग द्वारा जारी किए गए काम के आंतरिक बंटवारे को लेकर कैबिनेट सचिव टी. वी. सोमनाथन को अलग-अलग पत्र लिखे थे। हालांकि, चुनाव आयोग ने कहा है कि दोनों निर्वाचन आयुक्तों के संयुक्त निर्देश के मद्देनजर यह आदेश कभी लागू नहीं किया गया। हलफनामे में चुनाव आयोग में काम के बंटवारे की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया है। हलफनामे में कहा गया है कि आंतरिक कामों का बंटवारा 23 सितंबर, 2025 के कार्यालय आदेश में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही जारी है।



फॉर्म 6 में बदलाव पर क्या कहा : वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए इस्तेमाल होने वाले फार्म 6 को लेकर भी आयोग ने सफाई दी है। उसने कहा कि फार्म 6 में कोई संशोधन नहीं किया गया है। इस फॉर्म में बदलाव करने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। एसआईआर के लिए इस्तेमाल होने वाला घोषणापत्र इससे अलग दस्तावेज है। हालांकि, आयोग ने माना कि ऑनलाइन आवेदन में इसे जिस तरह दिखाया जा रहा था, उससे फॉर्म में बदलाव होने का भ्रम हो सकता था।

वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने-हटाने पर सफाई

आयोग ने बताया कि जिन मतदाताओं का पुराना रिकॉर्ड मौजूदा सूची से नहीं मिल पाया है, उन्हें आम तौर पर सुनवाई के लिए दफ्तर बुलाने की जरूरत नहीं होगी। बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) उनके घर जाकर दस्तावेज जुटाएंगे। सुनवाई केवल खास मामलों में होगी और प्राथमिकता ऑनलाइन सुनवाई को दी जाएगी। ईसीआईनेट सिस्टम को लेकर आयोग ने कहा कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के आदेश के बिना वोटर लिस्ट में कोई नाम न जोड़ा जाता है, न हटाया जाता है। इस प्रक्रिया की जांच के लिए आईआईटी और आईआईएससी के विशेषज्ञों की एक समिति भी बनाई गई है।

सीईसी को हटाने की मांग पर यह दिया जवाब

मुख्य चुनाव आयुक्त के कामकाज पर रोक लगाने से जुड़ी याचिका पर आयोग ने कहा कि ऐसी मांग स्वीकार नहीं की जा सकती। आयोग के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के जज को हटाने जैसी है। इसके अलावा, आयोग ने यह भी कहा कि उसने अपनी कोई आंतरिक फाइल या नोट मीडिया को जारी नहीं किया था। दशहरे की छुट्टियों के कारण फिलहाल संक्षिप्त जवाब दाखिल किया गया है। आयोग ने मामले में विस्तृत बिंदुवार जवाब देने की अनुमति भी मांगी है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के व्यापारियों से कही बड़ी बात

'आप लोगों से हमें भी प्यार, ज्ञानेश को हटाएं, 30 सेकंड में रुक जाएगा आंदोलन'

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रामलीला मैदान में एक नवंबर को होने वाली विपक्षी दलों की रैली पर कमेंट किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में दिल्ली के व्यापारियों को संबोधित करते हुए अपनी बात रखी। गांधी ने व्यापारियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहिए कि वो आरोपी नंबर 4 ज्ञानेश कुमार को हटाएं तो विपक्ष का आंदोलन 30 सेकंड में रुक जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक वीडियो शेयर करते हुए पोस्ट में दिल्ली के व्यापारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उनकी बात सुन रही है और उनके साथ खड़ी है। गांधी ने एक्स पोस्ट में कहा कि 'कांग्रेस दिल्ली के हर व्यापारी के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हम आपसे प्यार करते हैं, आपकी बात सुन रहे हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मेट्रो सरकार ने बंद की, सड़कें सरकार ने सील की, राजधानी पर ताला सरकार ने लगाया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि जब वोट ही चोरी हो जाए, तो कुछ भी सुरक्षित नहीं- न आपकी दुकान, न आपकी बचत, न आपके बच्चों का भविष्य।'

खास बातें

- एक्स पर रखी अपनी बात, जब वोट ही चोरी हो जाए, तो कुछ भी सुरक्षित नहीं
- 'कांग्रेस दिल्ली के हर व्यापारी के साथ खड़ी है



सीटीआई से जुड़े व्यापारियों ने भेजा था लेटर

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' आगामी एक नवंबर को वोट चोरी के खिलाफ रामलीला मैदान में रैली करने वाला है। इसी को लेकर पिछले दिनों 'चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री' (सीटीआई) के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर कहा था कि यह रैली त्यौहारी सीजन में है। करीब 25,000 करोड़ रुपये का कारोबार होता है लिहाजा रैली 10 नवंबर के बाद करें।



विपक्ष का जवाब देने भाजपा निकालेगी देशभर में पदयात्रा

दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को विपक्ष 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली करने जा रहा है। इससे पहले भाजपा ने भी अपनी तैयारी तेज कर दी है। पार्टी नवंबर में देशभर में पदयात्राएं निकालेगी। इन कार्यक्रमों में गृहमंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा समेत कई बड़े नेता शामिल होंगे। भाजपा का कहना है कि वह वोटर लिस्ट में बदलाव की प्रक्रिया यानी एसआईआर को लेकर विपक्ष के आरोपों का जवाब लोगों के बीच जाकर देगी। यह सियासी अभियान ऐसे समय में हो रहा है, जब वोटर लिस्ट को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं।

शाह पर टिप्पणी, राहुल मानहानि केस में बरी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को गृह मंत्री अमित शाह पर टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए अदालत ने दोषमुक्त करार दिया है। गांधी खुद अदालत में पेश होने के लिए सुल्तानपुर पहुंचे थे। इस टिप्पणी को लेकर भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 2018 में यह मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि राहुल गांधी की ओर से की गई टिप्पणी मानहानिकारक प्रकृति की नहीं थी। बता दें, यह मामला वर्ष 2018 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर की गई टिप्पणी से जुड़ा है। गांधी ने बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, 'भारत के लोग यह भूल जाते हैं कि भाजपा के अध्यक्ष हत्या के आरोपी हैं। यह सच है। जो पार्टी ईमानदारी और शालीनता की बात करती है, उसके अध्यक्ष ऐसे व्यक्ति हैं जिन पर हत्या का आरोप लगाया गया है।' उस समय अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। आरोप के मुताबिक, राहुल गांधी ने उन्हें 'हत्या का आरोपी' कहा था।



एनटीए का नया शेड्यूल जारी

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 2026-27 सत्र की कई प्रमुख प्रवेश और पात्रता परीक्षाओं का संशोधित कैलेंडर जारी किया है। नए शेड्यूल में यूजीसी नेट, सीएसआईआर-यूजीसी नेट, जेईई मेन 2027 और सीयूईटी पीजी समेत 13 परीक्षाओं की संभावित तारीखें दी गई हैं। परीक्षा कैलेंडर में बदलाव प्रशासनिक कारणों से किया गया है। ऐसे में जिन उम्मीदवारों ने पहले जारी शेड्यूल के अनुसार अपनी तैयारी की योजना बनाई थी, उन्हें अब नई तारीखों को ध्यान में रखना होगा। संशोधित कैलेंडर के मुताबिक, यूजीसी नेट का दिसंबर सत्र 14 दिसंबर से शुरू होगा, जबकि जेईई मेन 2027 का पहला सत्र जनवरी में आयोजित किया जाएगा।

रेलवे काउंटर से टिकट लेने पर डिजिटल माध्यम से ही होगा भुगतान

वैकल्पिक यात्रा बीमा के लिए डिजिटल भुगतान अनिवार्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

काउंटर से रेल टिकट खरीदते समय यात्रा बीमा का विकल्प चुनने वाले यात्रियों को 27 अक्टूबर से बीमा प्रीमियम सहित पूरी राशि का भुगतान डिजिटल माध्यम से करना होगा। रेलवे बोर्ड ने सोमवार को कहा कि प्रीमियम नकद में नहीं लिया जा सकता है, ऐसे में इसका भुगतान डिजिटल माध्यम से करना होगा। अधिकारियों ने कहा कि चूंकि 5, 10, 20 और 25 पैसे के सिक्के अब कानूनी रूप से वैध मुद्रा नहीं हैं, इसलिए टिकट किराया और बीमा प्रीमियम का भुगतान ऑनलाइन ही करना होगा।



कर्मचारी करेंगे सुनिश्चित

कर्मचारी यह सुनिश्चित करेंगे कि जहां व्यक्ति बीमा का विकल्प चुन रहा है, वहां भुगतान डिजिटल माध्यम से किया जाए।' चूंकि ऑनलाइन टिकट खरीदने वाले यात्रियों के पास इस वैकल्पिक बीमा की सुविधा पहले से मौजूद है, इसलिए रेलवे बोर्ड ने छह अक्टूबर के उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद अब इसे टिकट काउंटर तक बढ़ा दिया है।

बदलाव का तर्क

सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स (सीआरआईएस) के अधिकारियों ने कहा कि काउंटर-टिकट खरीदारों तक इस सुविधा का विस्तार करने के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर में संशोधन किए जा रहे हैं। सीआरआईएस के एक अधिकारी ने कहा, 'हमने सॉफ्टवेयर में जरूरी बदलाव कर दिए हैं और फिलहाल परीक्षण चल रहा है। इसे कल से लागू किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि टिकट रद्द करने पर, अन्य रद्दीकरण शुल्कों के साथ 45 पैसे की प्रीमियम राशि से नौ पैसे काटे जाएंगे।

खबर संक्षेप

अनंत की पत्नी पर भी एक्शन, उप मंत्री का दर्जा छिना

पटना। बिहार में मोकामा के विधायक अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी पर सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। उन्हें राज्य स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य पद से हटा दिया गया है। इसके साथ ही उन्हें मिला उप मंत्री का दर्जा भी तत्काल प्रभाव से खत्म कर दिया गया है। इतना ही नहीं, भवन निर्माण विभाग ने उन्हें पटना के 1 मॉल रोड स्थित सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस दिया है। नीलम देवी को 25 नवंबर तक यह आवास खाली करना होगा।



जामिया में 20 साल बाद छात्रसंघ चुनाव का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली की जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में करीब 20 साल बाद छात्रसंघ चुनाव कराने का आदेश जारी किया गया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सोमवार को कहा कि छात्रसंघ के संविधान को मंजूरी मिलने के 15 दिन के भीतर चुनाव कराए जाएंगे। प्रशासन ने प्रदर्शन के दौरान छात्रों को जारी सस्पेंशन और कारण बताओ नोटिस रद्द करने का फैसला लिया है। साथ ही, आंदोलन के दौरान सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार की जांच के लिए कमेटी बनाने का भी आश्वासन दिया।



500 करोड़ का वायरल ऑडियो विवाद

जरांगे रिश्वत, राउत ने लिखा शाह को पत्र



एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन को खत्म कराने के लिए एक्टिविस्ट मनोज जरांगे पाटिल को 500 करोड़ रुपये देने की कथित कोशिश के मामले में ईडी जांच की मांग की है। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। इस विवाद में शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे और उनके पिता एकनाथ शिंदे का नाम सामने आया है। राउत ने सवाल उठाया कि इतनी बड़ी रकम कहां से आई और पैसा कहां गया। मनोज जरांगे पाटिल ने भी मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप करने की अपील की। जरांगे का आरोप है कि मराठा आंदोलन को बदनाम करने और बंद कराने की साजिश की जा रही है। वहीं, इन आरोपों की सच्चाई जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

प्रधानमंत्री ने खुद इन्हें रखा था, इन पर लिखा था- बातचीत करें

अल्बानिया में छात्रों ने जलाईं पीएम ऑफिस की कुर्सियां



तिराना। अल्बानिया में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने रविवार को प्रधानमंत्री कार्यालय के बाहर रखी कुर्सियों में आग लगा दी। प्रधानमंत्री एडी रामा ने छात्रों से बातचीत करने के लिए ये कुर्सियां और पत्थर की एक बड़ी मेज रखवाई थी। कुर्सियों पर 'डायलॉग' यानी बातचीत लिखा था, लेकिन छात्रों ने बातचीत के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने कुर्सियों पर 'इस्तीफा' लिखकर अपना विरोध जताया। राजधानी तिराना में छात्र और युवा पिछले 13 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। रविवार को प्रदर्शनकारी पहले शिक्षा मंत्रालय के बाहर जुटे। यहां उन्होंने कुछ देर तक प्रदर्शन किया और इमारत पर पत्थर भी फेंके। इसके बाद वे प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर बढ़ गए और वहां रखी कुर्सियों में आग लगा दी। शिक्षा व्यवस्था में सुधार, भ्रष्टाचार सहित कई मांगों को लेकर यह प्रदर्शन है।

ट्रम्प के दामाद के लग्जरी रिसॉर्ट बनाने का भी विरोध

एदी रामा सरकार के खिलाफ शुरू हुआ विरोध अब भ्रष्टाचार, शिक्षा, रोजगार और पर्यावरण से जुड़े कई मुद्दों पर फैल गया है। इस विरोध की एक बड़ी वजह सरकारी अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर से जुड़ी लग्जरी रिसॉर्ट परियोजना को लेकर भी कई महीनों से नाराजगी है।

कूनो का चीता मुरैना में मिला घायल, पीठ पर चोट के निशान

इलाज जारी, तेंदुए या इंसानी हमले की जांच



एजेंसी ▶▶ मुरैना

मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में 19 महीने का एक चीता घायल अवस्था में मिला है। भारत में जन्मे इस चीते को इलाज के लिए श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क (केएनपी) के चिकित्सा केंद्र में ले जाया गया है। उसकी पीठ पर चोट के निशान मिले हैं। वन विभाग फिलहाल यह पता लगाने में जुटा है कि चीता किसी जंगली जानवर के हमले में घायल हुआ या इसके पीछे इंसानी गतिविधि की भूमिका है। मध्य प्रदेश की प्रधान मुख्य वन संरक्षक समीता राजोरा ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि रविवार को मुरैना वन प्रभाग के पहाड़गढ़ रेंज में चीता अस्वस्थ हालत में मिला था। निगरानी टीम के अनुसार, वह सामान्य रूप से चल-फिर नहीं पा रहा था।

एक्स-रे और मेडिकल परीक्षण किया जा रहा

घायल चीते का मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है। इसमें एक्स-रे भी शामिल है। राजोरा ने बताया कि रात में उसकी विस्तृत जांच की जानी थी। चीते की स्थिति का आकलन करने के लिए जबलपुर से एक विशेषज्ञ पशु चिकित्सक के कूनो नेशनल पार्क पहुंचने की भी उम्मीद जताई गई। अधिकारी के अनुसार, चीता जीवित है और प्रतिक्रिया दे रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उसे बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। विशेषज्ञों की जांच के बाद ही उसकी स्थिति और चोटों की गंभीरता के बारे में स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

कूनो में 53 चीते : समीता राजोरा के मुताबिक, कूनो नेशनल पार्क में फिलहाल 53 चीते हैं। इनमें से 40 का जन्म भारत में हुआ है। घायल चीते का इलाज जारी है और वन विभाग को विशेषज्ञों की जांच के बाद उसकी सेहत के बारे में अधिक जानकारी मिलने की उम्मीद है।

चोट का कारण अभी साफ नहीं

समीता राजोरा के मुताबिक, घटना की जांच के लिए वन विभाग की वन्यजीव अपराध विरोधी इकाई स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) की टीम को मौके पर भेजा गया है। टीम यह जांच कर रही है कि घटना के पीछे शिकार या किसी तरह के हमले जैसी गतिविधि तो नहीं है। अधिकारी ने कहा कि अभी यह बताना जल्दबाजी होगी कि चीते को किसी जंगली जानवर, जैसे आसपास मौजूद तेंदुए, ने घायल किया है या इसमें इंसानों की भूमिका है। चोट लगने का वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

केंद्र बोला- फैसले में नई-पुरानी भर्तियों पर स्थिति साफ नहीं

ओबीसी क्रीमीलेयर... 2 महीने से आईएएस ट्रेनिंग अटकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सबसे प्रतिष्ठित प्रशासनिक सेवा यानी आईएएस की ट्रेनिंग 2 महीने से अटकी हुई है। इसने प्रशासनिक गलियारों से लेकर यूपीएससी में पास हुए अभ्यर्थियों तक में हलचल बढ़ा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को ओबीसी क्रीमी लेयर के नियमों को लेकर फैसला सुनाया था। इसके बाद कंफ्यूजन हो गया कि नए नियम केवल आने वाली नई भर्तियों पर लागू होंगे या पुरानी चल रही भर्तियों और पुराने रिजल्ट पर भी इनका असर पड़ेगा। इसी वजह से आईएएस अधिकारियों की ट्रेनिंग रुकी हुई है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने इस मामले की स्थिति स्पष्ट करते हुए एक नोट जारी किया है। विभाग ने पिछले 14 वर्षों के उम्मीदवारों के आंकड़े खंगालकर विभिन्न पहलुओं का आकलन किया है। केंद्र सरकार का मानना है कि यह पेंच सुलझाने के लिए सुप्रीम कोर्ट को खुद स्पष्ट करना होगा कि इस फैसले को जमीन पर कैसे लागू किया जाए। इसी को लेकर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दाखिल की है। इस पर फैसला आना अभी बाकी है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बढ़ा असमंजस



सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को सुनाया था यह फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को दिए अपने फैसले में स्पष्ट किया था कि ओबीसी आरक्षण के तहत 'क्रीमी लेयर' तय करने का आधार केवल माता-पिता की सैलरी या आय को नहीं बनाया जा सकता. अदालत ने कहा कि किसी उम्मीदवार को आरक्षण के दायरे से बाहर करने के लिए केवल वेतन को पैमाना मानना सही नहीं है। इसके लिए माता-पिता के सोशल स्टेटस और उनके पद की प्रकृति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

ओबीसी क्रीमी लेयर विवाद और आईएएस ट्रेनिंग का संकट

सुप्रीम कोर्ट के 11 मार्च के फैसले के बाद बढ़े कंफ्यूजन ने प्रशासनिक महकमे की स्पीड धीमी कर दी है। साथ ही ट्रेनी अधिकारियों की धड़कनें भी बढ़ा दी हैं। निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक, आईएएस की ट्रेनिंग अगस्त के तीसरे हफ्ते से शुरू होनी थी, जो अब तक अटकी हुई है। हालांकि, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने भरोसा दिलाया है कि ट्रेनिंग में हो रही देरी से अधिकारियों की सेवा शर्तों या सीनियॉरिटी पर कोई बुरा असर नहीं पड़ेगा। विभाग जल्द ही ट्रेनिंग शुरू करने के लिए तैयार है।

इसका असर सिर्फ यूपीएससी तक सीमित नहीं : इस फैसले का दायरा बहुत बड़ा हो सकता है। अगर नियम पुरानी भर्तियों पर भी लागू किए जाते हैं तो इसका असर एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड और बैंकिंग सेक्टर की कई पुरानी और मौजूदा भर्तियों पर पड़ सकता है। आईआईटी, आईआईएम, एम्स और नीट में पहले हो चुके ओबीसी दाखिलों पर भी इसका प्रभाव देखने को मिल सकता है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



'अर्नब' की आहट, आंध्र-ओडिशा में स्कूल बंद, छत्तीसगढ़ समेत छह राज्यों में अलर्ट

बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात 'अर्नब' तेजी से ताकतवर हो रहा है। यह तूफान 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के तट से टकरा सकता है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, अंडमान-निकोबार और पुडुचेरी में अलर्ट जारी किया गया है। आंध्रप्रदेश, ओडिशा और अंडमान-निकोबार में दो दिन स्कूलों में छुट्टी दे दी गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/रायपुर

मौसम विभाग के मुताबिक अर्नब के 28 अक्टूबर की सुबह आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका है। इस दौरान हवा की रफ्तार 115 से 125 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, जबकि तेज झोंके 140 किलोमीटर प्रति घंटे तक चल सकते हैं। तूफान के खतरे को देखते हुए आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा के तटीय इलाकों के लिए रेड ⏭शेष पेज 7 पर

- ओडिशा में छह जिलों में मछली पकड़ने और पर्यटन पर रोक
- अंडमान और निकोबार के स्कूल मंगलवार तक रहेंगे बंद
- ओडिशा में सीएम ने ली बैठक करीब 60 टीमें तैनात

तमिलनाडु-केरलम में जनजीवन बेहाल

तमिलनाडु में पिछले 3 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। अरनी के भास्कर नगर में पानी भर गया है। लोग अपने घरों में फंस गए हैं। कोडाइकनाल में पर्यटकों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है। केरलम में भी भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित है। मलप्पुरम, कोझिकोड और वायनाड में रेड अलर्ट है। इन जिलों में शैक्षणिक संस्थानों और पर्यटन स्थलों को बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

आंध्र में हटाए जाएंगे 6 लाख लोग

आंध्र प्रदेश में करीब 6 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की तैयारी है। तटीय जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मछुआरों को 29 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने 27 अक्टूबर के लिए आंध्र प्रदेश में भारी बारिश का रेड अलर्ट है। ओडिशा में ऑरेंज अलर्ट है। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरलम, कर्नाटक और रायलसीमा में बारिश का यलो अलर्ट है।

स्पेशल

कैबिनेट सचिव बोले-सुनिश्चित करें कि किसी की जान न जाए

बंगाल की खाड़ी में चक्रवात 'अर्नब' की आहट के बीच, कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन ने सोमवार को एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसी की जान न जाए और संपत्ति तथा बुनियादी ढांचे को कम से कम नुकसान पहुंचे। चक्रवात के तट से टकराने से पहले तैयारियों की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए, उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी तरह के नुकसान की स्थिति में आवश्यक सेवाओं को जल्द से जल्द बहाल किया जाए। कैबिनेट सचिव ने यह भी निर्देश दिया कि आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के अलावा, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा बिहार में भी भारी बारिश की संभावना है, इसलिए गृह मंत्रालय और भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) को इन क्षेत्रों को भी उचित रूप से सतर्क कर देना चाहिए।

छत्तीसगढ़ में अलर्ट मोड पर कलेक्टर

'अर्नब' का प्रभाव छत्तीसगढ़ राज्य में पड़ने की संभावनाओं के मद्देनजर शासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। इसे लेकर मंत्रालय महानदी भवन में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चक्रवात के मद्देनजर 27 से 29 अक्टूबर तक आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टर और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी जुड़े।

एक ड्राइवर के भरोसे 432 किमी का सफर

झपकी आई और बस खड़े ट्रक से भिड़ी, पांच की मौत





तड़के 5.30 बजे रायपुर-सिमगा मार्ग में हादसा

ड्राइवर ने बीच रास्ते में बस खड़ी कर एक घंटे नींद ली थी

बलौदाबाजार जिले में बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे पर दरचुरा के पास सोमवार अंबिकापुर से रायपुर आ रही बस खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे ड्राइवर, हेल्पर सहित पांच लोगों की मौत हो गई। तीन लोगों की घटनास्थल पर तथा दो अन्य की रायपुर एम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई। 10 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। उनमें से सात घायलों को उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। खड़े ट्रक को बस ने पीछे से टक्कर मारी है। बस रॉयल ट्रैवल्स की थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार/रायपुर

खास खबर

बस हादसे को लेकर सिमगा टीआई परिवेश तिवारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि बस ड्राइवर को गाड़ी चलाते झपकी आ गई और रोड किनारे खड़े ट्रक को पीछे से ठोकर मार दी। टीआई के अनुसार, बस की रफ्तार काफी ज्यादा थी। बस के सामने का हिस्सा चकनाचूर हो गया है। हादसे में एक यात्री का पैर कटकर अलग हो गया। बस में फंसे यात्रियों को गैस कटर की मदद से बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि नेशनल हाईवे ⏭शेष पेज 7 पर

हादसे में जान गंवाने वाले यात्री

भागीरथी यादव पिता मंगलु यादव, उम्र 37 वर्ष, निवासी खजरीकला, जशपुर बस चालक, पवन देवांगन पिता राम गोपाल देवांगन, उम्र 24 वर्ष, निवासी बलंगी, थाना रघुनाथपुर, जिला बलरामपुर बस कंडक्टर, शमीम मोहम्मद पिता मोहम्मद साकिर, उम्र 39 वर्ष, निवासी सरना, जिला बलरामपुर, यात्री अतुल कुमार पिता लाल बाबु, उम्र 33 वर्ष, निवासी सरना, सुंदर लाल पिता गीता प्रसाद, उम्र 49 वर्ष, निवासी सिघनपुरी।



गैस कटर से बस की बॉडी काटकर निकाले यात्री

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस तथा राहत और बचाव दल मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद बस के अंदर फंसे घायल तथा मृतकों को निकालने के लिए बस की बॉडी को गैस कटर से काटकर निकाला गया। घटनास्थल पर कानूनी प्रक्रिया पूरी करते तथा बस को घटनास्थल से हटाने में ही तीन से चार घंटे का समय लग गया।

ये हुए घायल

इस दुर्घटना में कुल 16 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 6 गंभीर घायलों को रायपुर रेफर किया गया है, जबकि 10 घायलों का इलाज सिमगा सीएचसी में जारी है। घायलों में वासुदेव राव 31 वर्ष, डिमीडी कालकुलम, आंध्रप्रदेश, राजेन्द्र ठाकुर 30 वर्ष भिलाई, सविता केंवट 21 वर्ष साल्दी आमगांव, रामानुजनगर, बुधराम केंवट 25 वर्ष, साल्दी आमगांव, रामानुजनगर, निर्मला यादव 52 वर्ष, बैगो वाड्रफनगर, बसंतपुर, दुलेश्वर यादव 54 वर्ष, बैगो वाड्रफनगर, बसंतपुर, सुमन दीक्षित 40 वर्ष, बिलासपुर, अमन गुप्ता 22 वर्ष, बरतीकला, वाड्रफनगर, अनुराग वेद 28 वर्ष, रायपुर, दिलीप तिवारी 30 वर्ष, कोरबा, ⏭शेष पेज 7 पर

ड्राइवर ने बस रोककर एक घंटे नींद पूरी की

रास्ते में नींद लगने पर ड्राइवर अंबिकापुर-बिलासपुर मार्ग पर कटघोरा के पास बस रोक एक घंटे सोया था। बस सवार यात्रियों ने पुलिस को दिए अपने बयान में इस बात की जानकारी दी है। इससे स्पष्ट ⏭शेष पेज 7 पर

बस संचालक ने दर्ज कराई शिकायत

रॉयल ट्रैवल्स के संचालक, राज्य सड़क सुरक्षा के सदस्य सैयद अनवर अली ने घटना के बाद बलौदाबाजार एसपी, एनएचएआई में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत ⏭शेष पेज 7 पर

बच्चा चोरी के संदेह पर पांच महिलाओं से मारपीट, बाल खींचे और लात- घूंसे मारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले के ग्राम नंदौरी में बच्चा चोरी के संदेह में पांच महिलाओं के साथ जमकर मारपीट की गई। पिटाई का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो में ग्रामीणों ने महिलाओं के बाल खीचें, लात- घूंसे व डंडे भी मार रहे हैं। बताया जा रहा है कि महिलाएं ऑटो से गांव पहुंची थीं। बच्चा चोरी के शक में उन्हें गांव वालों ने पकड़ा गया था। ग्रामीणों के मुताबिक महिलाओं के साथ आए 2 लोग भाग गए। दूसरी तरफ भिलाई तीन थाना प्रभारी विजय यादव ने इस तरह के कोई भी घटना से इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि महिलाएं घरों में घुसकर पैसे मांग रही थीं। इसी बात को लेकर गांव वालों से उनका विवाद हुआ था।

- पुलिस ने किया इंकार, भिलाई तीन थाना क्षेत्र की घटना

भिलाई-3 के नंदौरी गांव में बच्चा चोरी के शक में पांच महिलाओं के साथ मारपीट की गई। महिलाएं ऑटो से गांव पहुंची थीं। ये महिलाएं पहले भी गांव आ चुकी थीं। बच्चों के चिल्लाने के बाद ग्रामीणों को उन पर बच्चा चोरी का शक हुआ और उन्होंने महिलाओं को पकड़ लिया। मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने महिलाओं को थाने में बिठाया है और उनके पते और पहचान ⏭शेष पेज 7 पर

वैधानिक कार्रवाई की जाएगी

पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों के मुताबिक पकड़ी गई महिलाएं अपने रहने की जगह अलग-अलग बता रही थीं। पुलिस के अनुसार सभी महिलाएं दुर्ग के जेवरा-सिरसा इलाके की रहने वाली हैं। पुलिस उनके पते और पहचान का सत्यापन कर रही है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

100 करोड़ घोटाला पूर्व मंत्री गिरफ्तार

चेन्नई। डीएमके नेता और पूर्व तमिलनाडु शिक्षा मंत्री अनबिल महेश पोय्यमोझी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अनबिल को 100 करोड़ रुपए के प्राइवेट स्कूल स्कैम केस में यह कार्रवाई हुई है।



अनबिल के खिलाफ गिरफ्तारी मद्रास हाईकोर्ट द्वारा उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के थोड़ी ही देर बाद ही ग्रेटर चेन्नई पुलिस की सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने की।

ब्रेड के दावे पर ब्रिटानिया पर एक लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने '100 प्रतिशत गेहूं से बनी ब्रेड' का दावा करने वाले विज्ञापन को भ्रामक बताते हुए ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। उत्पाद में गेहूं के आटे की मात्रा केवल 62 प्रतिशत थी। सीसीपीए ने 22 अक्टूबर के अपने आदेश में कंपनी को विज्ञापन को तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्देश दिया। साथ ही, कंपनी से 15 दिन के भीतर अनुपालन रिपोर्ट जमा करने को कहा गया है।

कांग्रेस अध्यक्ष के कड़वे बोल पर आक्रोश

खड़गे के आवास के पास भाजपा का प्रदर्शन, पटना में फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष की विवादित टिप्पणी को लेकर सोमवार को भाजपा ने देशभर में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा ने मल्लिकार्जुन खड़गे और उनकी पार्टी से माफी की मांग की। दिल्ली में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजाजी मार्ग स्थित खड़गे के आवास के पास विरोध प्रदर्शन किया। जब प्रदर्शनकारी सेना भवन गोल चक्कर से उनके आवास की ओर बढ़ने लगे, तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने नारेबाजी की और खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से माफी की मांग की। बिहार में, समर्थकों ने पटना में जन आक्रोश मार्च निकाला और खरगे का पुतला फूंका। जम्मू में, भाजपा कार्यकर्ताओं ने युवा मोर्चा के जम्मू कश्मीर अध्यक्ष अरुण प्रभात के नेतृत्व में डोगरा चौक पर विरोध प्रदर्शन किया।

क्यों हो रहा विरोध प्रदर्शन

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को एक कार्यक्रम में कथित तौर पर कहा था, 'मोदी का बाप भी जाएगा', जिस पर विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने पटना में एक कार्यक्रम के दौरान यह टिप्पणी उस समय की, जब वहां मौजूद लोगों में से एक व्यक्ति ने कहा कि 'प्रधानमंत्री कहीं नहीं जाएंगे।'

कई राज्यों में निकाला 'मार्च'

देश के अन्य हिस्सों में भी विरोध प्रदर्शन हुए, जिनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और तेलंगाना शामिल हैं। झारखंड में भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी भी शामिल हैं, ने रांची में कांग्रेस कार्यालय तक मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने 'प्रधानमंत्री को अपशब्द कहना बंद करो' और 'प्रधानमंत्री का अपमान भारत बर्दाश्त नहीं करेगा' जैसे नारे लगाए।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हादसा

राहुल के काफिले की गाड़ियां आपस में टकराईं, होगी जांच

लखनऊ। लखनऊ से सुलतानपुर जाते समय सोमवार को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के काफिले की गाड़ियों की मामूली टक्कर हो गई। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष सुरक्षित हैं। सोमवार सुबह जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी लखनऊ से सुलतानपुर जा रहे थे, तब पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर उनके काफिले की कुछ गाड़ियां आपस में टकरा गईं। राहुल गांधी सुलतानपुर की एक अदालत में अपने खिलाफ मानहानि के एक मामले की सुनवाई के लिए जा रहे थे।अधिकारी ने बताया कि राहुल गांधी सुरक्षित हैं और यह घटना सुबह करीब 10.15 बजे हुई।



गुवाहाटी में हड़कंप, वारदात में शामिल हथियार बरामद

होटल के अंदर अंधाधुंध फायरिंग महिला समेत पांच की गई जान

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

असम के गुवाहाटी में सोमवार रात गोलीबारी से हड़कंप मच गया। शहर के लाचित नगर इलाके में स्थित होटल बिलास इन में रात करीब 9 बजे हुई फायरिंग में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त ने मौतों की पुष्टि की है। घटना के बाद इलाके में पुलिस और एंबुलेंस पहुंचीं। पुलिस ने मौके पर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि वारदात के बाद एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त ने बताया कि 32 बोर की लाइसेंसी पिस्टल से हत्याकांड को अंजाम दिया गया है।



दो महिलाएं समेत कई घायल

गोलीबारी की घटना बोरा सर्विस के पास हुई। इसके बाद पुलिस और एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, फायरिंग में कई लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल बताई जा रही हैं। होटल बिलास इन का एक कर्मचारी भी गोली लगने से घायल हुआ है।

हमलावरों ने छह लोगों के एक ग्रुप पर गोलीबारी की

रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावरों ने छह लोगों के एक ग्रुप पर गोलीबारी की। इसमें दो महिलाएं भी थीं। कुछ घायलों के होटल कर्मचारी होने की बात भी सामने आई है। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त पार्थ सारथी महंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने जांच शुरू कर दी। अभी तक हमले के पीछे की वजह, मृतकों की पहचान और संदिग्धों के बारे में विश्वसनीय रिपोर्टों में स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है।

सरकार ने फ्लेक्स-फ्यूल वाहन के लिए संशोधित किए नियम

अब गाड़ियों में पेट्रोल की जगह होगा 100 फीसदी एथेनॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सोमवार को केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन अधिसूचित कर दिए, जिससे शुद्ध रूप से एथनॉल वाले ईंधन 'ई-100' पर चलने वाले फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों का रास्ता साफ हो गया है। फ्लेक्स-फ्यूल वाहन ई85 (85 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल) तथा ई100 जैसे उच्च एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन पर चलने के लिए भी सक्षम बनाए जाते हैं। ⏭शेष पेज 7 पर

सामान्य गाड़ियों में इस्तेमाल नहीं होगा

मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि 20 प्रतिशत से ज्यादा इथेनॉल वाले फ्यूल का इस्तेमाल सिर्फ उन्हीं गाड़ियों में किया जा सकेगा, जिन्हें ज्यादा इथेनॉल से चलाने के लिए डिजाइन और प्रमाणित किया गया है। इसका सीधा मतलब ये हुआ कि 20 प्रतिशत इथेनॉल वाले ई-20 पेट्रोल या सामान्य पेट्रोल से चलने वाली गाड़ियों में ई-85 या ई-100 फ्यूल का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे।



इथेनॉल के मिश्रण को बढ़ावा क्यों?: सरकार कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाने के लिए पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण को बढ़ावा दे रही है। देश में काफी पहले ई-20 पेट्रोल की शुरुआत हो चुकी है, जिसमें 20 प्रतिशत इथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है। मारुति सुजुकी इंडिया ने इस साल जून में देश का पहली फ्लेक्स-फ्यूल पैसेंजर कार वैगनआर लॉन्च किया था, जो ई-20 से लेकर ई-100 फ्यूल से भी चल सकती है।

गाड़ियों की वजन की सीमा में बढ़ोतरी

नियमों में किए गए संशोधन के तहत वाहन वर्गीकरण की कुछ सीमाओं, ईंधन विनिर्देशों और उत्सर्जन संबंधी परीक्षणों में इस्तेमाल होने वाले तकनीकी संदर्भों में भी बदलाव किया गया है। इसके अलावा, इन बदलावों से प्रभावित हल्के पेट्रोल और डीजल गाड़ियों के लिए वजन की सीमा 3000 किलोग्राम से बढ़ाकर 3500 किलोग्राम कर दी गई है। मारुति के अलावा, टोयोटा, टाटा मोटर्स और हुंडई फ्लेक्स-फ्यूल गाड़ियां डेवलप कर रही हैं।

खबर संक्षेप



चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान...

कवर्धा। जिला मुख्यालय कवर्धा में सोमवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में भीषण आग लग गई। इस घटना में स्कूटी चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में राधा कृष्ण मंदिर के पास की है। बताया जा रहा है कि चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई, जिससे हड़कंप मच गया। फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि स्कूटी में आग कितनी भीषण है। स्कूटी धू-धूकर जल रही है और धुएं का काला गुबार निकल रहा है।

बीजापुर के नम्बी जलप्रपात में गिरने से किशोर की मौत

जगदलपुर। बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र स्थित नम्बी जलप्रपात में नहाने के दौरान गिरने से एक किशोर की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि वह परिवार के साथ पिकनिक मनाने तेलगांना स्टेट से आया हुआ था। जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय बीजापुर से लगभग 65 किमी दूर उसूर ब्लॉक के नडपल्ली गांव से तीन किमी दूर घने जंगल व पहाड़ी के बीच स्थित नंबी जलप्रपात में रविवार को तेलगांना स्टेट के चेरला से पिकनिक मनाने परिवार आया हुआ था।

कोर्ट से दोषसिद्ध होने के बाद शिक्षक बर्खास्त



बिलासपुर। न्यायालय से आपराधिक मामले में दोषसिद्ध होने के बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलमुंडी में पदस्थ उच्च वर्ग शिक्षक विवेक गुप्ता को सेवा से पदच्युत कर दिया गया है। संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर ने 23 अक्टूबर 2026 को इस संबंध में आदेश जारी किया। विभागीय आदेश के अनुसार, शिक्षक को भारतीय दंड संहिता की धारा 354 और 323 के तहत दोषसिद्ध किए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। मामला तखतपुर के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय में चल रहे दांडिक प्रकरण क्रमांक 269/2018 से जुड़ा है। न्यायालय ने 26 सितंबर 2026 को सुनाए गए फैसले में विवेक गुप्ता को धारा 354 के तहत एक वर्ष के सश्रम कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं, धारा 323 के तहत भी एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। शिक्षा विभाग के आदेश में शिक्षक की न्यायिक अभिरक्षा का भी उल्लेख है। उपलब्ध दंड संबंधी प्रमाण-पत्र के अनुसार, वह 7 अगस्त 2018 से 9 अक्टूबर 2018 तक न्यायिक अभिरक्षा में रहे थे। जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर से मिले पत्र और जांच प्रतिवेदन के आधार पर संयुक्त संचालक कार्यालय ने प्रकरण में विभागीय कार्रवाई की। आदेश में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण तथा संबंधित सेवा नियमों के प्रावधानों का हवाला देते हुए विवेक गुप्ता को 26 सितंबर 2026 से सेवा से पदच्युत करने का उल्लेख किया गया है।

ओपन जेल में भर्ती और सुरक्षा पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

बिलासपुर। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में आज हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने डीजी जेल से शपथ पत्र में पूछा है कि जेलों में रिक्त पदों पर भर्ती कब तक की जाएगी। वहीं, बेमेतरा जिले के पथर्रा गांव स्थित ओपन जेल की सुरक्षा के लिए पुलिस टुकड़ी कब तक उपलब्ध होगी, इस संबंध में भी डीजीपी जेल से शपथपत्र में जवाब मांगा है। सुनवाई के दौरान रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया बहुत ही अधिक धीमी है। कोर्ट ने जेल विभाग की प्रक्रिया और जवाब से असंतुष्टि बताई। शासन की ओर से कहा गया कि, उन्हें बेमेतरा जेल के लिए सुरक्षा टुकड़ी नहीं मिल रही है, इस पर कोर्ट ने डीजीपी से भी शपथपत्र पर इसका जवाब माँगा है। अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी।

सीधी भर्ती का प्रस्ताव भेजा

सरकार ने जेल के संचालन के लिए 48 पदों के सृजन और सीधी भर्ती की अनुमति का प्रस्ताव भेजा है। जेल अधीक्षक सहित आवश्यक कर्मचारियों की पदस्थापना के लिए भी प्रस्ताव दिया गया है। कैदियों को कौशल विकास, व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए संबंधित संस्थानों के साथ समन्वय की पहल की गई है। ओपन जेल की बाहरी सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की एक कंपनी तैनात करने डीजीपी से कई बार अनुरोध किया गया है।

पिछली बार हुई सुनवाई में राज्य सरकार ने शपथपत्र में बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर पथर्रा में ओपन जेल की स्थापना के लिए कदम उठाए गए हैं। 14 जुलाई 2026 के नोटिफिकेशन से जेल स्थापित की गई और 13 अगस्त 2026 को छत्तीसगढ़ ओपन जेल संचालन एवं प्रबंधन नियम, 2026 अधिसूचित किए गए। इनमें कैदियों की पात्रता, चयन और स्थानांतरण की प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

नवा रायपुर के तूता मैदान में 1 से 3 नवंबर तक राज्योत्सव का भव्य आयोजन

राज्योत्सव में पलक की सुमधुर आवाज, स्वास्ति के भजन, अभिजीत की गायकी की रहेगी धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के मौके पर नवा रायपुर अटल नगर स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यावसायिक परिसर में 1 से 3 नवंबर तक राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य मंच के पास हैंगर तकनीक से विशाल डोम तैयार किया जा रहा है। जहां पूरे परिसर में 60 बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी, ताकि लोग हर कोने से बिना किसी दिक्कत के कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठा सकें। राज्योत्सव की सांझ को यादगार बनाने बॉलीवुड के गायक कलाकार अपनी आवाज का जादू बिखेरने नवा रायपुर के राज्योत्सव स्थल के मुख्य मंच पर आमंत्रित हैं। आयोजन में प्रदेश के स्थानीय कलाकारों के साथ ही मुंबई के जाने-माने कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। 1 नवंबर को राज्योत्सव के पहले दिन बॉलीवुड की गायिका पलक मुच्छल अपनी आवाज का जादू बिखेरेती नजर आएंगी। वहीं दूसरे दिन राज्योत्सव में राम आएंगे भजन से लोकप्रिय हुईं स्वास्ति मेहुल भक्ति गीतों से श्रोताओं को भावविभोर करने मौजूद रहेंगी। 3 नवंबर को राज्योत्सव की आखिरी शाम यादगार बनाने बॉलीवुड के जाने-माने पार्श्व गायक अभिजीत भट्टाचार्य अपने निराले अंदाज में गायकी का जलवा बिखेरने रायपुरियंस के बीच होंगे। 2 नवंबर की शाम मैं अयोध्या हूं लाइट एंड साउंड महानाट्य का मंचन भी होगा, जिसमें अयोध्या की यात्रा को सतयुग से लेकर राम मंदिर निर्माण तक मंच पर जीवंत किया जाएगा।

- लाइट एंड साउंड शो 'अयोध्या हूं' का भव्य मंचन भी

खास खबर

40 उत्कृष्ट हस्तियों को राज्य अलंकरण

3 नवंबर को राज्योत्सव के मुख्य मंच पर मुख्य अतिथि के हाथों 40 उत्कृष्ट हस्तियां सम्मानित होंगी। कला, साहित्य, खेल, समाजसेवा, कृषि, समाजसेवा सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली चयनित विभूतियों को राज्यस्तरीय अलंकरण पुरस्कार से नवाजा जाएगा।







अयोध्या की गाथा, मुंबई के 40 कलाकार करेंगे अभिनय : 2 नवंबर को राज्योत्सव में मैं अयोध्या हूं लाइट एंड साउंड महानाट्य का मंचन आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस प्रस्तुति में सतयुग से लेकर राम मंदिर निर्माण तक अयोध्या से जुड़ी गाथा का मंचन किया जाएगा, जिसमें मुंबई के 40 कलाकार अभिनय करते नजर आएंगे। आयोजन से जुड़े योगेश अग्रवाल के मुताबिक, महानाट्य में मशहूर सिंगर सुरेश वाडेकर और साधना सरगम ने अपनी सुरीली आवाज दी है। महानाट्य की परिकल्पना और निर्देशन मुंबई के प्रदीप गुप्ता ने किया है। संगीत, भक्ति और भव्य मंचन के साथ राज्योत्सव में यह आयोजन दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

पंथी, करमा, राउत नाचा की मचेगी धूम : राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति और लोककला की महक बिखेरने प्रदेश के स्थानीय कलाकार अपनी टोली के साथ राज्योत्सव के मंच पर दर्शकों के सामने होंगे। वे पंथी नृत्य, करमा, सुआ, राउत नृत्य के अलावा बस्तर के बस्तरिहा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति देते नजर आएंगे।

विकास प्रदर्शनी के साथ बस्तरिहा शिल्प का स्टॉल

राज्योत्सव में प्रदेश के विकास को दर्शाती प्रदर्शनी और बस्तरिहा शिल्प का प्रदर्शन किया जाएगा। अंजोर छत्तीसगढ़ में ईज आफ डूइंग बिजनेस और विकसित भारत जैसे विषयों पर केंद्रित अन्य स्टाल और प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

माओवाद मुक्त छत्तीसगढ़ का संदेश भी

इस बार के राज्योत्सव को केवल मनोरंजन तक सीमित न रखकर इसे राज्य के बदलते परिदृश्य के साथ भी जोड़ा गया है। माओवाद मुक्त छत्तीसगढ़ और सशक्त नारी युवा उड़ान की थीम पर विशेष प्रदर्शनी देखने को मिलेगी, जो राज्य के सुरक्षा बल, बस्तर के बदलते स्वरूप और अंदरूनी क्षेत्रों में पहुंच रही सरकारी सुविधाओं को दर्शाएगी।

ई-चालान की शिकायतें सुनने अधिकारी नियुक्त

रायपुर। ई-चालान में किसी तरह की गड़बड़ी, गलत चालान जारी होने की शिकायतों की सुनवाई के लिए ट्रैफिक पुलिस में अधिकारी नियुक्त किया गया है। चालान संबंधित किसी तरह की शिकायत की गाड़ी मालिक 45 दिन के भीतर आवेदन पेश कर सकते हैं। ट्रैफिक एडीसीपी को शिकायत निवारण अधिकारी (जीआरओ) नियुक्त किया गया है।

- ऑनलाइन पोर्टल से लेकर ट्रैफिक मुख्यालय तक कर सकेंगे शिकायत
- एडीसीपी ट्रैफिक करेंगे शिकायतों की जांच

पुलिस कमिश्नरेट ने ई-चालान व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था की है।

पुलिस के अनुसार, ई-चालान सेवा के नए संस्करण नेक्स्टजेन ई-चालान के तहत वाहन चालकों को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा दी गई है। इसके अलावा नागरिक यातायात मुख्यालय पहुंचकर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत मिलने के बाद उसकी जांच और निगरानी कर नियमानुसार निराकरण किया जाएगा।

ऑनलाइन, ऑफलाइन दोनों विकल्प

ई-चालान से संबंधित आपत्ति या शिकायत दर्ज कराने के लिए वाहन चालक नेक्स्टजेन ई-चालान पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं। ऑफलाइन के लिए एडीसीपी ट्रैफिक, पुलिस कमिश्नरेट के कार्यालय, यातायात मुख्यालय, कालीबाड़ी चौक पहुंचकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत या जानकारी के लिए लोग 0771-4247108 और मोबाइल नंबर 9479299814 पर कॉल कर संपर्क कर सकते हैं।

45 दिन की समयसीमा

ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से कहा है कि ई-चालान में किसी तरह की विसंगति मिलने पर निर्धारित 45 दिनों की अवधि के भीतर शिकायत दर्ज कराएं। इससे संबंधित मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जा सकेगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य ई-चालान प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाना, वाहन चालकों की आपत्तियों की सुनवाई करना और शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है।

दीपावली से पहले लचर सफाई व्यवस्था पर बिफरीं महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीपावली पूर्व शहर की लचर सफाई व्यवस्था को लेकर महापौर मीनल चौबे ने ठेका एजेंसी रामकी कंपनी के प्रतिनिधियों को जमकर फटकार लगाई। महापौर ने कहा, कार्य संतोषप्रद नहीं होगा तो भुगतान नहीं किया जाएगा। नगर निगम के सभी जोन में स्थित 70 वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन शत-प्रतिशत क्षेत्र में करना रामकी कंपनी की जिम्मेदारी है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर मीनल चौबे ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कूड़े-करकट के जगह-जगह लगे ढेर को तत्काल उठवाकर सफाई कराना सुनिश्चित करें, साथ ही रामकी कंपनी के कचरा कलेक्शन कार्य की लगातार मॉनिटरिंग की जाए।

- निगम के अधिकारियों को सफाई कार्य की सतत मॉनिटरिंग कराने दिए निर्देश

सत्यापन बिना भुगतान नहीं

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों से उन्होंने कहा कि सफाई कार्य का भौतिक सत्यापन करने के पश्चात ही देयकों के भुगतान पर नियमानुसार विचार किया जाए। बिना कार्य का सत्यापन किए किसी तरह का कोई भी भुगतान न किया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारी इसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहेंगे। महापौर मीनल चौबे द्वारा ली गयी समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पांडे, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन योगेश कुमार कडू, उपअभियंता कृष्णा राठी, अनुबंधित सफाई एजेंसी रामकी कंपनी के एरिया मैनेजर श्रीकांत, गंगा, भास्कर की उपस्थिति रही।

बरामद किया नक्सली डंप

कोण्टा। सीआरपीएफ 219 बटालियन को ग्राम मोसलमुडगु के बाहरी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा विस्फोटक एवं अन्य सामग्री छिपाकर रखे जाने की जानकारी मिली। जवानों ने डीएसएमडी एवं के 9 डिग्गी की सहायता से क्षेत्र की सघन तलाशी की। इस दौरान एक छोटा कंटेनर बरामद हुआ। जिसके भीतर विस्फोटक संदिग्ध सामान पाया गया। बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षा उपायों का पालन किया और बरामद नक्सली डंप को सुरक्षित बाहर निकाला।

खराब चावल का वितरण, डीएम नॉन और क्वालिटी इंस्पेक्टर को नोटिस

कोरबा। पाली ब्लाक अंतर्गत खराब चावल वितरण किए जाने का मामला सामने आने के बाद डीएम नॉन के साथ क्षेत्र के क्वालिटी इंस्पेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

इसके साथ ही पीडीएस दुकानदारों को खराब चावल वितरण नहीं करने के निर्देश भी दिए गए हैं। पाली ब्लाक के कुछ पीडीएस दुकानों से खराब चावल वितरण की शिकायत कलेक्टर तक पहुंची थी। लिखित रूप से पहुंची शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने खाद्य अधिकारी को जांच करने कहा। कलेक्टर के निर्देश के बाद जिला खाद्य अधिकारी घनश्याम कंवर ने डीएम नॉन और क्वालिटी इंस्पेक्टर को नोटिस जारी कर इस पूरे मामले में जवाब मांगा है। नोटिस का जवाब अब तक दोनों ही अधिकारियों ने खाद्य विभाग को नहीं दिया है। खाद्य अधिकारी श्री कंवर ने बताया कि नोटिस जारी की गई है, जवाब मिलने के बाद जवाबदारी तय की जाएगी। जिले में कहीं भी किसी भी पीडीएस दुकान से अगर एक बोरी भी खराब चावल पहुंचता है तो उसका वितरण नहीं किया जाएगा। इसके निर्देश पीडीएस दुकानदारों की बैठक लेकर खाद्य विभाग के द्वारा दी गई है।





पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

Hero

HF Deluxe

बाइक दमदार दाम शानदार

एक्स-शोरूम कीमत

₹59 999/-* (सेल्फ़-स्टार्ट)

*नियम व शर्तें लागू

कम डाउन पेमेंट | ₹5999/-*

Hero GoodLife सोने का सिक्का जीतने का मौका*

pine labs कैशबैक ₹5 000/- तक*

TOLL FREE 1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st July 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Chhattisgarh.*Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलौदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंढरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोगुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरूरः श्री गुरूनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरूदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरूनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरहींः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/ 6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, धरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, लामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, इरपिनार- कांकेरः अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूरः रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहरा पादरः गोविंद ऑटो केयर , 9303664769, कुरूकुदुरः दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमाः आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुरः दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोलीः शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकीः अमर मोटर्स, 9827969901, सालेवाड़ाः साई मोटर्स, 9754329434, राजिमः राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारागांवः जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसींवाः श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुरः माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चाराना: श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुड़ियारीः श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखाराः प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 830559765l, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983.

चिंतन

ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने की तैयारी

ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की आर्थिक स्वतंत्रता की बुनियाद है। भारत जैसे देश के लिए यह चुनौती और बड़ी है, जहां परिवहन से लेकर उद्योगों तक की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा कच्चे तेल से पूरा होता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो महंगाई का दबाव बढ़ता है, विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ पड़ता है और अर्थव्यवस्था की गति प्रभावित होती है। इसलिए पेट्रोल के घरेलू विकल्प विकसित करना केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रयास नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की अनिवार्य जरूरत है। केंद्र सरकार ने 100% एथेनॉल यानी ई-100 ईंधन से चलने वाले वाहनों के लिए मोटर वाहन नियमों में संशोधन कर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 23 अक्टूबर 2026 की अधिसूचना से ऐसे वाहनों के लिए नियामकीय रास्ता साफ हुआ है। सरकार की एथेनॉल नीति अब तक उत्साहजनक परिणाम दे चुकी है। पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का कार्यक्रम वर्ष 2003 में शुरू हुआ था, लेकिन 2013-14 में इसकी औसत मिलावट केवल 1.53% थी। सरकार ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने, एथेनॉल की खरीद के लिए मूल्य व्यवस्था बनाने और चीनी मिलों व अन्य उत्पादकों को प्रोत्साहन देने जैसे कदम उठाए। नतीजा यह हुआ कि 2021-22 में 10 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले हासिल हो गया और 2025-26 में औसत मिश्रण 20% तक पहुंच गया। वर्ष 2030 के लिए निर्धारित लक्ष्य को पांच साल पहले प्राप्त करना नीति के प्रभावी क्रियान्वयन का उदाहरण है। आंकड़ों के मुताबिक, 2014 में एथेनॉल उत्पादन क्षमता लगभग 421 करोड़ लीटर थी, जो 2026 में बढ़कर करीब 2,000 करोड़ लीटर हो गई। इस कार्यक्रम का लाभ केवल तेल आयात में कमी तक सीमित नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, एथेनॉल खरीद से पिछले 11 वर्षों में किसानों को लगभग 1.21 लाख करोड़ रुपये की आय हुई और करीब 1.40 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बची। एथेनॉल का उत्पादन गन्ने, मक्का और अन्य जैविक स्त्रोतों से किया जा सकता है। इससे कृषि उपज के लिए अतिरिक्त बाजार तैयार होता है और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसंस्करण उद्योगों तथा रोजगार की संभावनाएं बढ़ती हैं। पानीपत और नुमालीगढ़ की रिफाइनरियों में पराली, बांस और अन्य जैविक अवशेषों से एथेनॉल उत्पादन की पहल इस दिशा में महत्वपूर्ण है। ई-100 की मंजूरी इसी नीति का अगला चरण है। सामान्य पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने और लगभग शुद्ध एथेनॉल पर चलने वाले वाहन में बुनियादी अंतर है। ई-100 के लिए वाहन निर्माता कंपनियों को विशेष रूप से डिजाइन और प्रमाणित फ्लेक्स-फ्यूल वाहन तैयार करने होंगे। मौजूदा पेट्रोल या ई-20 वाहनों में सीधे ई-100 डालना सुरक्षित नहीं है। एथेनॉल से कुछ प्रदूषकों और जीवाश्म कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की संभावना है, लेकिन इसके पर्यावरणीय लाभ का आकलन उत्पादन से लेकर इस्तेमाल तक के पूरे चक्र के आधार पर होना चाहिए। ई100 वाहनों की तकनीक, ईंधन केंद्रों का विस्तार, किफायती कीमत और उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा पर समयबद्ध काम जरूरी है। साथ ही, एथेनॉल के साथ विद्युत वाहन, सौर ऊर्जा और अन्य वैकल्पिक ईंधनों को भी बढ़ावा देना चाहिए। ऊर्जा आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल पेट्रोल का विकल्प तलाशना नहीं, बल्कि आयात पर निर्भरता घटाने वाला विविध और टिकाऊ ऊर्जा तंत्र तैयार करना है। ई-100 की मंजूरी इस दिशा में सार्थक कदम है। इसके साथ ही भारत ने ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है।



सीमा सुरक्षा
ओमकार चौधरी

अरुणाचल में फिर आमने-सामने

अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एक बार फिर जारी गतिरोध ने सीमा सुरक्षा और सरकार की रणनीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने 22 अक्टूबर को स्वीकार किया कि अरुणाचल के कई स्थानों पर चीनी सैनिकों से आमना-सामना हुआ है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, अपर सुबनसिरी जिले के असाफिला क्षेत्र में जुलाई के अंत से गतिरोध जारी है। हालांकि, अब तक किसी हिंसक झड़प की सूचना नहीं है, लेकिन सैन्य गतिविधियों और बातचीत के नतीजों पर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में सवाल है कि सीमा पर वास्तविक स्थिति क्या है और सरकार पारदर्शिता व कूटनीति के बीच संतुलन कैसे बनाएगी?

अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन की सेनाएं एक बार फिर आमने-सामने हैं और इस बार इसकी पुष्टि किसी अनाम सूत्र ने नहीं, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने खुद की है। 22 अक्टूबर 2026 को राजस्थान के अलवर में बल के वार्षिक हिमवीर सम्मान समारोह में कपूर ने कहा कि पिछले कुछ समय में अरुणाचल की कई जगहों पर चीनी सैनिकों से आमना-सामना हुआ है और यह स्थिति अभी भी बनी हुई है। पूर्वी सेक्टर में जारी तनाव की आईटीबीपी प्रमुख की ओर से यह पहली सार्वजनिक स्वीकारोक्ति है, लेकिन सामरिक महत्व की यह सूचना सार्वजनिक करनी चाहिए थी या नहीं और उन्हें इसके लिए अधिकृत किया गया था या नहीं, इसे लेकर बहस भी शुरू हो गई है । कपूर ने बल के शौर्य कमांडो की भूमिका की सराहना की और चीन को भारत का सबसे बड़ा विरोधी बताया। उन्होंने ड्रोन क्षमता बढ़ाने, ऊंचाई वाले इलाकों में युद्ध की तैयारी, और तोपखाने व हवाई बमबारी से बचाव के लिए भूमिगत बंकर बनाने की योजनाओं की भी जानकारी दी। सरकारी सूत्रों के अनुसार गतिरोध जुलाई के आखिर से अपर सुबनसिरी जिले के ताकसिंग सर्कल के असाफिला क्षेत्र में चल रहा है। चीनी सेना (पीएलए) ने माजा कंपनी ऑपरेटिंग बेस के पास, एलएसी की भारतीय समझ के 6-7 किलोमीटर के दायरे में, एक ऊंचाई पर तंबू गाड़ रखे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह आमना-सामना 25 जुलाई के आसपास नियमित गश्त के दौरान शुरू हुआ। अब तक किसी हिंसक झड़प, हथियार के इस्तेमाल या किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। आईटीबीपी प्रमुख ने बाकी टकराव स्थलों के नाम नहीं बताए।तनाव कम करने के लिए 6 और 7 सितंबर को वाचा (भारत) और दमाई (चीन) में पूर्वी सेक्टर में पहली बार कोर कमांडर स्तर की बातचीत हुई। भारतीय दल का नेतृत्व 3 कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कालिया ने किया। विदेश मंत्रालय ने बैठक की पुष्टि तो की, लेकिन उसका नतीजा सार्वजनिक नहीं किया। इसके कुछ ही दिन बाद, 12 सितंबर को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। सरकार या भाजपा की ओर से इन आरोपों पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। आईटीबीपी सूत्रों ने स्पष्ट किया कि महानिदेशक का बयान सीमा पर नियमित ऑपरेशनल तैयारी के संदर्भ में था, किसी खास घटना से जुड़ा नहीं । इस मामले में सेना का रुख भी गौर करने लायक है। चीन लगभग 90,000 वर्ग किलोमीटर, यानी करीब पूरे अरुणाचल पर दावा करता है और इसे जांगनान या दक्षिण तिब्बत कहता है। विवाद की जड़ 1914 का शिमला सम्मेलन है, जहां ब्रिटिश भारत के विदेश सचिव सर हेनरी मैकमोहन ने भारत और तिब्बत के बीच 890 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा खींची। चीनी प्रतिनिधि ने इसे स्वीकार नहीं किया, और बीजिंग आज भी कहता है कि तिब्बत को ऐसा समझौता करने का अधिकार नहीं था। 1962 के युद्ध में पीएलए लगभग पूरे तत्कालीन नेफा तक आ गई थी, लेकिन एकतरफ़ा युद्धविराम के बाद मैकमोहन रेखा तक



लौट गई। विवाद केवल अरुणाचल तक सीमित नहीं है। भारत के अनुसार 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा के पश्चिमी छोर पर अक्साई चिन का लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीन के कब्ज़े में है। 1963 में पाकिस्तान ने शक्सगाम घाटी का 5,180 वर्ग किलोमीटर हिस्सा चीन को सौंप दिया, जिसे भारत मान्यता नहीं देता। मध्य सेक्टर में उत्तराखंड का बाराहोती और हिमाचल के कौरिक व शिपकी ला भी विवादित हैं। 1960 में चाउ एनलाई ने अक्साई चिन के बदले नेफा पर दावा छोड़ने का प्रस्ताव दिया था, जिसे भारत ने ठुकरा दिया था। बीते एक दशक में यह विवाद नक्शों तक पहुंच गया है। चीन अब तक छह सूचियों में अरुणाचल की 112 जगहों के नाम बदल चुका है: 2017 में 6, 2021 में 15, 2023 में 11, 2024 में 30, 2025 में 27 और 2026 में 23। अरुणाचल में ताकसिंग पहला टकराव नहीं है। 20 अक्टूबर 1975 को तवांग के तुलुंग ला में चीनी सैनिकों ने घात लगाकर असम राइफल्स के चार जवानों को मार दिया था। भारत के अनुसार यह हमला उसकी सीमा के 500 मीटर भीतर हुआ। उस समय इंदिरा गांधी सरकार ने अधिकारियों के ज़रिए बीजिंग से कड़ा विरोध दर्ज कराया था, लेकिन प्रधानमंत्री का कोई सीधा सार्वजनिक बयान दर्ज नहीं मिलता। 1986 में चीन ने तवांग के सुमदोरोंग चू में वांगडुंग चरागाह पर ढांचे खड़े कर दिए। भारत ने राजदूत को तलब कर विरोध जताया और इलाके में तीन डिवीज़न तक सैनिक तैनात किए। राजीव गांधी दिसंबर 1988 में चीन गए, और वांगडुंग से सैनिकों की वापसी आखिरकार 1995 में हुई। इसके बाद तवांग का यांग्त्से बार-बार टकराव का केंद्र बना। सितंबर 2016 में करीब 200 पीएलए सैनिक वहां घंटों डटे रहे, और अक्टूबर 2021 में भी गश्ती टुकड़ियां आमने-सामने आईं। इन दोनों मौकों पर सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया, और जानकारी सूत्रों के ज़रिए ही सामने आई। 9 दिसंबर 2022 को यांग्त्से में कील लगे डंडों से हिंसक झड़प हुई, जिसमें छह गंभीर रूप से घायल भारतीय सैनिकों को गुवाहाटी ले जाना पड़ा। देश के बाकी हिस्सों में भी 1967 में नाथू ला, 2013 में देपसांग, 2017 में डोकलाम और 2020 में गलवान जैसे टकराव हुए। गलवान में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए। यह 1975 के बाद भारत-चीन सीमा पर जान जाने की पहली घटना थी। इसके बाद 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री ने कहा था कि न कोई भारतीय सीमा में घुसा है और न ही कोई चौकी किसी के कब्ज़े में है। सीमा विवाद सुलझाने के लिए 2003 में बना विशेष प्रतिनिधि तंत्र अब तक 25 दौर की बातचीत कर चुका है। ताज़ा दौर 25 अगस्त 2026 को बीजिंग में अजीत डोभाल और वांग यी के बीच हुआ, जिसमें पूर्वी और मध्य सेक्टर में नई सैन्य हॉटलाइन पर सहमति बनी। सीमा मामलों पर परामर्श तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 36 बैठकें हो चुकी हैं, और लद्दाख में 2020 के बाद कोर कमांडरों के बीच 21 दौर की बातचीत हुई।ज़मीन पर भारत की रणनीति भी बदली है। दशकों तक सीमा के पास सड़कें न बनाने की नीति के बाद 2006 में 73 रणनीतिक सड़कों की परियोजना को मंज़ूरी मिली, जो 2017 के डोकलाम गतिरोध के बाद तेज़ हुई। 2024 में खुली सेला सुरंग अब तवांग को साल भर जोड़े रखती है। 1962 के बाद छोड़ी गई अरुणाचल की सात हवाई पट्टियां फिर से चालू हो चुकी हैं, और लद्दाख का न्योमा नवंबर 2025 में पूर्ण एयरबेस बन गया। इन सब के बीच कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं: कोर कमांडर वार्ता का नतीजा क्या निकला, आईटीबीपी प्रमुख ने किन जगहों पर टकराव की बात कही, और गश्ती बिंदुओं को लेकर

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. मोनिका शर्मा



विरासत को सहेजने के लिए सार्थक प्रयास जरूरी

भारत की सांस्कृतिक विरासत अपनी बहुरंगी विविधता के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। बात चाहे मूर्त विरासत यानी ऐतिहासिक भवनों, किलों और स्मारकों की अनूठी वास्तुकला की हो या अमूर्त विरासत जैसे परंपराओं, लोकगीतों, शास्त्रीय नृत्य, त्योहारों की। हमारे देश के सांस्कृतिक रंग सचमुच अनूठे हैं। हमारी भाषाएं, दर्शन, बोलियां, योग, आयुर्वेद और प्राचीन ग्रंथ भी अनमोल धरोहर ही हैं। आमजन तक सहज पहुंच बनाकर ही इस थाती को सहेजा का सकता है। हालिया बरसों में दुनिया के हर हिस्से में ही अपनी धरोहर को सहेजने के रंग-ढंग बदले हैं। अब आधुनिक तकनीकों, नई पद्धतियों और पेशेवर विशेषज्ञों की भूमिका अहम हो चली है। विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस का मुख्य उद्देश्य धरोहर के संरक्षण से जुड़ा यही पहलू लिए है। ध्यातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा वर्ष 2005 में अपने 33वें आम सम्मेलन में यह दिन मनाने की घोषणा की थी। ज्ञात हो कि रेडियो, फिल्म, टेलीविजन और साउंड रिकॉर्डिंग जैसी दृश्य-श्रव्य सामग्रियों के संरक्षण के महत्व को लेकर जनमानस में जागरूकता लाना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। साथ ही वर्ल्ड डे ऑफ ऑडियो-विजुअल हैरिटेज हमारी साझी स्मृतियों और सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने वाले कामकाजी विशेषज्ञों और संस्थानों के योगदान को सम्मान देने का भी संदेश देता है। सुखद है कि भारत में ऑडियो-विजुअल सामग्रियों के रूप में सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए कई महत्वपूर्ण उठाए गए हैं। विरासत के संरक्षण हेतु डिजिटलीकरण और प्रचार हेतु बहत सी पहल की गई हैं। नेशनल फिल्म हेरिटेज मिशन, नेशनल कल्चरल ऑडियो-विजुअल आर्काइव्स, अभिलेख पटल और जटान एवं वेव्स जैसी कई पहल भावी पीढ़ियों के लिए विरासत के संरक्षण का काम कर रही हैं। नेशनल फिल्म हेरिटेज मिशन द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और नेशनल फिल्म आर्काइव्स ऑफ इंडिया के माध्यम से उत्कृष्ट भारतीय फिल्मों, वृत्तचित्रों और शॉर्ट फिल्मों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और पुनर्स्थापन किया जा रहा है। वहीं नेशनल कल्चरल ऑडियो-विजुअल आर्काइव्स द्वारा देश भर के संस्थानों में उपलब्ध दुर्लभ व संकटग्रस्त ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग्स को डिजिटाइज कर ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा संचालित अभिलेख पटल भी एक डिजिटल रिपॉजिटरी ही है। यह ऐतिहासिक दस्तावेजों और रिकॉर्ड्स का ऑनलाइन पटल है। संस्कृति मंत्रालय और सी-डेक पुणे द्वारा विकसित जटान सॉफ्टवेयर विभिन्न संग्रहालयों की सामाग्री डिजिटल रूप में सुरक्षित करने में जुटा है। ज्ञात हो कि वर्ल्ड डे ऑफ ऑडियो-विजुअल हैरिटेज की 2026 की थीम 'प्रोटेक्टिंग मेमोरी एट रिस्क' है। यह विषय फिल्मों, ऑडियो टेपों और चलचित्रों के रूप में विरासत की सामूहिक स्मृतियों को बचाने से जुड़ा है। समझना कठिन नहीं कि 'खतरे में पड़ी स्मृति की सुरक्षा करना' यह विषय संकटग्रस्त धरोहरों को सहेजने का रेखांकित करने योग्य संदेश देती है। बीते कुछ बरसों में तेज़ी से बढ़ते शहरीकरण और प्रदूषण से कई ऐतिहासिक धरोहर खतरे में हैं। विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस नई पीढ़ी को भी यह याद दिलाता है कि तकनीकी संसार से जुड़कर डिजिटल युग में आगे बढ़ते हुए अपनी विरासत से भी जुड़े रहें। वस्तुतः, संरक्षण के साथ यह दिवस प्रत्येक व्यक्ति को दृश्य-श्रव्य ध्वनियों के प्रति सजग-संवेदनशील बनाने का उद्देश्य भी लिए है। ज्ञात हो कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा ऑडियो-विजुअल मनोरंजन और डिजिटल क्रिएटर्स को बढ़ावा देने के लिए 'विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन और 'जेम्स ऑफ इंडिया' जैसी मुहिम भी शुरू की गई हैं। इतना ही नहीं जनता को जागरूक करने के लिए ही विश्व दृश्य-श्रव्य धरोहर दिवस पर कई तरह की प्रतियोगिताएं, राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागारों, श्रव्य-दृश्य कम्युनिटीज़, टेलीविजन एवं रेडियो स्टेशनों और सरकारों के साझे प्रयासों से कई स्थानीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महत्वपूर्ण श्रव्य-दृश्य अभिलेखों को सहेजने से संबन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल चर्चाएं सम्मेलन, विशेष फिल्म स्क्रीनिंग और सार्वजनिक वार्ताएं आयोजित की जाती हैं।इसीलिए आमजन भी अपनी विरासत के प्रति सजग होकर ऑनलाइन मंचों पर उपलब्ध जानकारियों और सहजता से मिल रही सूचनाओं में रुचि लें । अपनी विरासत का मान करने हेतु उसे जानना-समझना जरूरी है । अपनी सांस्कृतिक पहचान और इतिहास को सहेजने की कोशिशों का हिस्सा बनने का भाव हर पीढ़ी में होना चाहिए । जनमानस के सकारात्मक रुझान से सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण से जुड़े प्रयासों को और बल मिलता है ।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः

संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो। जिसके पद चिह्नों पर चलकर और जिसके प्रदत्त मार्गदर्शन को अपनाकर जीवन को वैसा ही श्रेष्ठतम व सार्थक बनाया जा सके। यह समर्पण सघन श्रद्धा के माध्यम से ही बन पड़ता है।

भगवान की कृपा से ही सब मिलता है

संकलित
प्रेरणा

एक राजा था, वह जब पूजा के लिए मंदिर जाता, तो 2 भिखारी उसके दाएं और बाएं बैठा करते। दाईं ओर वाला कहता: ए भगवान! तूने राजा को बहुत कुछ दिया है, मुझे भी दे दे। बाईं ओर वाला कहता: ऐ राजा! भगवान ने तुझे बहुत कुछ दिया है, मुझे भी कुछ दे दे। दाईं ओर वाला भिखारी बाईं ओर वाले से कहता: भगवान से माँग! निसंदेह वही सबसे अच्छा सुनने वाला है। बाईं ओर वाला जवाब देता: चुप कर मूर्ख। एक बार राजा ने अपने मंत्री को बुलाया और कहा कि मंदिर में दाईं तरफ जो भिखारी बैठता है, वह हमेशा भगवान से मांगता है। तो निसंदेह भगवान उसकी जरूर सुनेगा। लेकिन जो बाईं तरफ बैठता है, वह हमेशा मुझसे विनती करता रहता है। तो तुम ऐसा करो कि एक बड़े से बर्तन में खीर भर के उस में अशर्फियाँ डाल दो और वह उसको दे आओ। मंत्री ने ऐसा ही किया। अब वह भिखारी मजे से खीर खाते-खाते दूसरे भिखारी को चिढ़ाता हुआ बोला: हुह बड़ा आया, भगवान देगा। यह देख राजा से माँगा, तो मिल गया ना? खाने के बाद जब उस का पेट भर गया, तो उस ने खीर से भरा बर्तन उस दूसरे भिखारी को दे दिया। और कहा: ले पकड़.. तू भी खाले, मूर्ख! अगले दिन जब राजा पूजा के लिए मंदिर आया तो देखा कि बाईं तरफ वाला भिखारी तो आज भी वैसे ही बैठा है। लेकिन दाईं तरफ वाला ग़ायब है। राजा ने चौंक कर उससे पूछा: क्या तुझे खीर से भरा बर्तन नहीं मिला? भिखारी: जी मिला था, क्या शानदार खीर थी। मैंने ख़ूब पेट भर कर खायी! राजा: फिर? भिखारी: फ़िरे वह जो दूसरा भिखारी यहाँ बैठता है, मैंने उसको दे दी। मूर्ख हमेशा कहता रहता था: भगवान देगा, भगवान देगा! राजा मुस्कुरा कर बोला: बेशक, भगवान ने उसे दे ही दिया! इसी तरह हमें भी उस भगवान से ही विनती करनी चाहिए।

अंतर्मन



आज की पाती

पर्यावरण का संरक्षण बेहद जरूरी

दुनिया आज जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते प्रदूषण की गंभीर चुनौती का सामना कर रही है। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी पूरी मानवता की है, लेकिन प्रदूषण के मुद्दे पर विकासशील देशों को अक्सर कठघरे में खड़ा किया जाता है। विकसित देश भूल जाते हैं कि उन्होंने दशकों तक संसाधनों का अधिकतम दोहन कर मजबूत आर्थिक ढांचा खड़ा किया है, जिसकी पर्यावरणीय कीमत पूरी दुनिया चुका रही है। यदि प्रदूषण की जिम्मेदारी तय करनी है, तो ऐतिहासिक कार्बन उत्सर्जन को भी ध्यान में रखना होगा। कार्बन टैक्स और पर्यावरण संबंधी प्रतिबंधों के नाम पर विकासशील देशों के विकास को बाधित करना न्यायसंगत नहीं है।

- संजय राउत, दुर्ग

ट्रेंड

मर्यादाएं लांघ रहे राहुल



राहुल गांधी किस तरह मर्यादा की सीमाएं लांघ रहे हैं और रोजाना किस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं। अब हम उनकी पार्टी के अध्यक्ष को भी इसी तरह की भाषा का इस्तेमाल करते देख रहे हैं।

-नितिन नवीन, भाजपा अध्यक्ष

सीईसी को बचा रही सरकार



'वोट चोरी के अनगिनत खुलासों' के बावजूद केंद्र सरकार सीईसी ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। एक नवंबर को रामलीला मैदान में वोट बचाओ, देश बचाओ महा रैली होगी। इसे सफल बनाएं। -मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

कॉकरोचों को पनपने न दें



देश में 'दिमागी नक्सल', 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' और कॉकरोचों को कभी भी पनपने न दें। कॉकरोच, खटमल जैसी बुराइयां कोरोना वायरस की तरह फैलने की कोशिश कर रही हैं। इन्हें कीटनाशक स्प्रे 'हिट' से ही खत्म किया जा सकता है। आप सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हों।

-शुभेंदु अधिकारी, सीएम, पश्चिम बंगाल

भाजपा के पास कुछ नहीं



भाजपा को हर मुद्दे पर राजनीति करने और जनता का ध्यान भटकाने के बजाय लोकतंत्र से जुड़े सवालों का जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष का उद्देश्य किसी का अपमान करना नहीं रहा। भाजपा जिस तरह हंगामा कर रही है, उससे स्पष्ट है कि उसके पास जनता के मुद्दों पर जवाब देने के लिए कुछ नहीं है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण दस्ता यात्रा पर पहुंचा श्रीलंका



भारतीय नौसेना का प्रथम प्रशिक्षण दस्ता दो युद्धपोतों और तटरक्षक बल के एक पोत के साथ सोमवार को तीन दिवसीय सद्भावना यात्रा पर श्रीलंका पहुंचा। भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना है। यह यात्रा लंबी दूरी के प्रशिक्षण अभियान का हिस्सा है। इसके तहत दस्ता श्रीलंका के बाद सेशेल्स के पोर्ट विक्टोरिया और मालदीव की राजधानी माले भी जाएगा। इसके बाद यह कोच्चि स्थित अपने आधार बंदरगाह पर लौटेगा। यह प्रशिक्षण दस्ता भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और मित्र देशों की नौसेनाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों को समुद्र में प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस दस्ते की कमान प्रथम प्रशिक्षण दस्ते के वरिष्ठ अधिकारी और आईएनएस तीर के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन तिजो के. जोसेफ के हाथों में है। भारतीय मिशन ने बताया कि श्रीलंका नौसेना के पांच प्रशिक्षु अधिकारी भी इस लंबी दूरी के प्रशिक्षण अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। श्रीलंका नौसेना के प्रशिक्षण महानिदेशक रियर एडमिरल रोहन जोसेफ के कोलंबो बंदरगाह पहुंचने पर इन पोतों का दौरा करने और उन पर तैनात कमांडिंग अधिकारियों, प्रशिक्षण अधिकारियों तथा प्रशिक्षुओं से बातचीत करने की योजना है।

ऑफ बीट

ब्रिटेन में लंबे पंजों वाले नए डायनासोर का जीवाश्म मिला



ब्रिटेन के आइल ऑफ वाइट से मिले मांसाहारी डायनासोर की एक नयी प्रजाति की खोपड़ी का जीवाश्म 100 से अधिक वर्षों तक संग्रह में रखे रहने के बाद 'नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम' में दोबारा मिला है। लंदन स्थित इस संग्रहालय के करीब 150 साल के इतिहास में यहां तीन करोड़ से अधिक नमूने हैं। ऐसे में किसी जीवाश्म या चट्टान का संग्रह में कहीं छूट जाना असामान्य नहीं है। संभवत: ऐसा ही ब्रिटेन में खोजे गए इस नए डायनॉसोर के एकमात्र ज्ञात जीवाश्म के साथ हुआ। अनुसंधानकर्ताओं ने एक नए अध्ययन में दो पैरों पर चलने वाले इस मांसाहारी थेरोपोड डायनासोर का नाम 'इन्विक्टिबेलाट्रिक्स एम्बरिना' रखा है। थेरोपोड डायनासोर के इसी समूह में आधुनिक पक्षी भी शामिल हैं। संग्रहालय के जीवाश्म विज्ञानियों में से एक पॉल बैरेट ने 2020 में जीवाश्मों के संग्रह की जांच के दौरान हड्डी का एक छोटा टुकड़ा देखा। उन्होंने पहचान लिया कि यह डायनासोर की खोपड़ी के एक महत्वपूर्ण हिस्से, यानी मस्तिष्क को सुरक्षित रखने वाली हड्डी (ब्रेनकेस) का टुकड़ा है। संग्रहालय के अभिलेखों की जांच करने पर पता चला कि यह जीवाश्म इंग्लैंड के दक्षिणी तट से दूर स्थित आइल ऑफ वाइट के सडमूर प्वाइंट के पास एक समुद्र तट से मिला था।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-273990 -E-mail: cmo_malhar@rediffmail.com
क्र./1517/निविदा अनु./न.पं./2026-27 मल्हार, दिनांक 26/10/2026

// प्रथम ऑनलाईन निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत D&ABOVE में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा फार्म 'A' में प्रतिशत दर में कम/एस.ओ.आर. दर/अधिक निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेण्डर नम्बर	कार्य का विवरण	ई-निविदा प्रारंभ की तिथि	ई-निविदा की अंतिम तिथि	निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि	निविदा खोलने की तिथि
202564	क्रमांक 09 में स्थित मुक्तिधाम में उन्नयन कार्य। (EFFECTIVE Building SOR 01.01.2015) (ऑनलाईन निविदा)	26.10.2026 17.30 बजे	17.11.2026 17.30 बजे	20.11.2026 16.00 बजे	20.11.2026 17.30 बजे

टीप:- (1) यह जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in एवं www.cg.uad.gov.in में देखी जा सकती हैं। (2) उपरोक्त कार्यों की निविदा शर्तें / विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण विभाग शाखा में / ऑनलाईन अवलोकन किया जा सकता हैं। (3) अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत मल्हार

छत्तीसगढ़ शासनआवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर

// सूचना //

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक /10/2026

क्रमांक LAND-43019/195/2026-HOUSING : छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 23-क (1) एवं (2) के अन्तर्गत रायपुर विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2031 में अत्यावश्यक लोक प्रयोजनार्थ रूपांतरण करने का अनंतिम निर्णय लिया है। अधिनियम की धारा 23-क (2) के अधीन राज्य शासन एतद् प्रस्तावित रूपांतरण के निम्नानुसार प्रारूप को क्षेत्र के सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु अवलोकनार्थ प्रकाशित करता है :-

स. क्र.	ग्राम	खसरा नंबर	क्षेत्रफल (हे.में)	अंगीकृत आरंग विकास योजना 2031 में प्रस्तावित भू-उपयोग	अधिनियम की धारा 23-क के तहत रूपांतरण प्रस्ताव
	आरंग	108 / 1	7.264	कृषि	औद्योगिक
	आरंग	680/1	9.845	कृषि	औद्योगिक
	आरंग	701	3.165	कृषि	औद्योगिक
योग			20.274		

2/ उक्त प्रस्तावित रूपांतरण आरंग विकास योजना 2031 में औद्योगिक क्षेत्र (फूडपार्क) की स्थापना हेतु। 3/ रूपांतरण प्रस्ताव की प्रति आयुक्त, संभाग रायपुर, कलेक्टर, जिला रायपुर संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, आरंग के कार्यालयों में कार्यालय समय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। 4/ अतः प्रस्तावित रूपांतरण से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से इस सूचना के दो स्थानीय मुख्य दैनिक समाचार पत्रों में एक दिन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्तियाँ तथा सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। आपत्ति तथा सुझाव निम्नलिखित कार्यालयों में शासकीय कार्य दिवसों में प्रस्तुत किये जा सकते हैं :- (1) आयुक्त, रायपुर संभाग, छत्तीसगढ़। (2) कलेक्टर कार्यालय, जिला रायपुर। (3) संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर। (4) मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, आरंग।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
(देवेन्द्र सिंह भारद्वाज)
विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग

G-262704197/1

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू. (लाख में)
1	2	3
180/202292	B.T. Patch Work for Various Roads Under Silyari Section No. 2, Raipur (1) CCI Mandhar to Pathri Minse (2) Barbanda Approach Road (3) Dondekhurd Chappora Road & Other Road (तृतीय आमंत्रण)	रू. 47.14 लाख
214/202376	WMM & B.T Patch Repair work on Various Roads Torla Bhotidih Tila Champaran, Gaurbhath Bhalera Tamasivani Ganaud Tandul, Uperwara Tendua Cheriya, Banjari Kurru, Birbira Ugetara Ghorbhatti, Jamgaon Mandlore, Charoda Khapri Tamasivani Bhurka Pond, Torla Bhurka Kumhari, Jhaki Mudpar Pacheda, Kathiya Tarra Navagaon Ugetara, Bhotidih Champaran, Torla Approach, Jaounda Mandlore, Uperwara Bhelwadih, Ganaud Kharkharadih, Sunderkera Mandlore RoadUnder Sub Dn. No. 3Nava Raipur (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 127.01 लाख
212/202377	B.T. Patch Repair Work on Abhanpur Kolar- Tekari -Khilora Road (MDR),Kendri-Singarbhatha-Chhachhanpairy Road (MDR) Nawagaon- Chhanta- Kathiya Road (MDR), Parsulidih - Lamkeni - Dhodra Road (MDR), Patewa-Dongitarai - Chipridih-Piproud - Sundarkera Road (MDR), Sarkhi-Sakri- Belar-Sarbada Road(MDR), Manikchouri-Tokro-Kodapar Road(MDR),Bus Stand To Ganj Mandi Road (ODR), Abhanpur - Biroda Road (VR), Satpara Approach Road(VR),Chhote Urla Approach Road (VR), Khilora-Chhachhanpairy Road (VR), Sonesilli - Chhanta Road (VR), Lakhana - Champaran Road (VR), Nawagaon-Joundi Road(VR), Urla -Pacheda Road(VR),Jhaanki-Baktara- Biroda Road(VR),Bendri-Approach Road (VR), Jawaibandha- Khola Road (VR), Jawaibandha Approach Road (VR), Jamgaon - Khola Road (VR), Khilora -Saloni Road (VR), Tarri - Patewa Road (VR), Sonth - Ghont Road (VR), Nawagaon- Parsada Road(VR), Chandi - Belar-Sarbada Road (YR), Mohandi - Khursenga Road (VR), Khola -Thelkabandha-Dadarjhori Road (VR), Chhachhanpairy- Julum - Mundara Road(VR), Aamdi - Raweli Road (VR Old), Under Sub Division Abhanpur For The Year 2026-27. (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 42.34 लाख
195/202378	B.T. Patch Repair and Wmm Patch Repair Work in Various Roads Under Head Quarter Section, Tilda-Neora (1) Kodwa-janjgira-Nakati-Khapari- Bartori-Rajiya-Chhapora-Manpur-Tulsi-Sarphonga-Alda-Bhatbhera Road 14.00 Km (2) Tarashiv - Chhataud Approach Road 1.40 Km (3) Kirna-Kundaru Road Km 3.10 Km (4) Pachari-Pathrakundi Road 2.50 Km (5) Raikheda - Bhatapara Road 3.00 Km (तृतीय आमंत्रण)	रू. 26.00 लाख
213/202380	Vice Chancellor Chamber Renovation Work at PT. DDU Memorial Health Science & Ayush Univercity of Chhattisgarh Sector - 40 Atal Nagar Nava Raipur (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 37.97 लाख

एन.आई.टी. क्र. 214 सिस्टम टेन्डर नं. 202376, एन.आई.टी. क्र. 212 सिस्टम टेन्डर नं. 202377 एवं एन.आई.टी. क्र. 213 सिस्टम टेन्डर नं. 202380 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 06.11.2026 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 180 सिस्टम टेन्डर नं. 202292 एवं एन.आई. टी. क्र. 195 सिस्टम टेन्डर नं. 202378 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 02.11.2026 समय सायं 5:30 बजे तक।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग
रायपुर मंडल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

G-262704188/5

Chhattisgarh Rural Roads Development Agency
VIKASH BHAVAN, CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.)

-: E-Procurement Tender Notice :-

NIT No. 1214,1215,1216,1217,1218,1219,1220&1221 /TC-T/CGRRDA/2026 Raipur Dated 23/10/2026

Chief Engineer, CGRRDA, Raipur on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for Renewal/Maintenance Under PMGSY Roads, Construction & Maintenance of Road PM-JANMAN Balance work, Renewal/Maintenance Under MMGSVY Roads, Construction & Maintenance of Long Span Bridges PM-JANMAN, sanctioned for districts of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors/Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

S. No	NIT No	Work Name	Amount (Rs. in Lakhs)	Districts/ No. of Roads	Rate invited
1	1214	Renewal / Maintenance Under PMGSY Roads	Total Cost 593.18 Lakhs (including I.R. works, maint, Renewal works, Emergency work, GST)	Kanker	Percentage Rate of PMGSYSOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur
2	1215	Construction & Maintenance of Long Span Bridges PM-JANMAN	Total Cost Rs 594.96 Lakhs (Const. Cost 580.45 Lakhs, Main Cost 14.51 lakhs.) (Excluding GST)	kawardha	SOR PWD Bridge enforced from 01.01.2015 with 10% Below applicable for CGRRDA & Approach road PMGSY SOR 22.02.2018
3	1216	MMGSVY Road Renewal Maintenance	Total Cost 446.01 Lakhs (Const.Cost 415.00 Lakhs, Maint.Cost 31.01 lakhs) (Excluding GST)	Balrampur	Percentage Rate of PMGSY SOR 06.06.2025 issued by CE, CGRRDA Raipur
4	1217	MMGSVY Road Renewal/ Strengthening Work	Total Cost 2782.46 Lakhs (Const.Cost 2671.56 Lakhs, Maint.Cost 110.91 lakhs) (Excluding GST)	Jashpur, Balrampur, Balod, Mungeli, Kanker,	Percentage Rate of PMGSY SOR 06.06.2025 issued by CE, CGRRDA Raipur
5	1218	Construction & Maintenance of Road under MMGSVY	Total Cost 381.98 Lakhs (Const. Cost 362.18 Lakhs, Maint. Cost 19.80 lakhs .) (excluding GST)	Bilaspur	Percentage Rate of PMGSY SOR 06.06.2025 issued by CE, CGRRDA Raipur
6	1219	Construction & Maintenance of Road PM-JANMAN Balance work	Total Cost 112.93 Lakhs (Const.Cost 102.13 Lakhs, Maint.Cost 10.80 lakhs) (Excluding GST)	Dhamtari	Percentage Rate of PMGSYSOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur
7	1220	Construction & Maintenance Road Under PM JANMAN Balance Road	Total Cost Rs 335.59 Lakhs (Const. Cost 298.77 Lakhs, Maint. Cost 36.82 lakhs) (Excluding GST)	Khairagarh-Chhuikhadan	Percentage Rate of PMGSYSOR 22.02.2018 issued by CE, CGRRDA Raipur
8	1221	Construction & Maintenance of Long Span Bridges PM-JANMAN Balance work	Total Cost Rs 720.27 Lakhs (Const. Cost 702.59 Lakhs, Main Cost 17.69 lakhs.) (Excluding GST)	Bilaspur	SOR PWD Bridge enforced from 01.01.2015 with 10% Below applicable for CGRRDA & Approach road PMGSY SOR 22.02.2018

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in **https://eproc.cgstate.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed NIT and other details can be viewed on Our website **https://eproc.cgstate.gov.in** from **27.10.2026** from 5:30 PM & onwards. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of this website.

Chief Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Civil Lines, Raipur (C.G.)
E-mail : pmgsyrc4@yahoo.co.in

S-49579/2

सेना बोली- घुसपैठ के दावे वाला वीडियो फर्जी

कांग्रेस का दावा- अरुणाचल में 40-50 किमी अंदर घुसे चीनी सैनिक

एजेंसी ▶▶| ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश में चीनी सैनिक ऊपरी सुबनसिरी जिले में भारतीय क्षेत्र के भीतर 40 से 50 किलोमीटर तक अंदर आ गए थे। भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच आमना-सामना भी हुआ था। यह दावा अरुणाचल कांग्रेस अध्यक्ष बोसीराम सिरम ने किया है। सिरम का कहना है कि उनके प्रतिनिधिमंडल को सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों से इस बारे में जानकारी मिली थी। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। दूसरी ओर, भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश में चीनी कब्जे के दावे को लेकर वायरल एक वीडियो को फर्जी बताया। आर्मी सूत्रों ने कहा कि वीडियो अक्टूबर 2023 में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस के फुटेज से छेड़छाड़ करके बनाया गया है।

स्थानीय समुदाय है भयभीत और चिंतित

अरुणाचल प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री सिरम ने इस मामले की उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है और स्थानीय समुदायों की चिंताओं को अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर नजरअंदाज किए जाने पर सवाल उठाए हैं। गौरतलब है, 26 से 29 अगस्त के बीच कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा सीमावर्ती गांवों के दौरे किए गए थे। बॉर्डर से लगे गांवों में विजिट के बाद भी सिरम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और गंभीर आरोप लगाए।



'सेना की गश्त प्रभावित हुई'

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जुलाई के आखिरी हफ्ते में स्थानीय लोगों ने हमें ऐसी झड़पों के बारे में बताया। ऐसी खबरें थीं कि दोनों तरफ के सैनिकों ने एक-दूसरे पर लाठियों से हमला किया और उनके बीच हाथापाई हुई। भारतीय सेना ने भी चीनी सैनिकों की कथित आक्रामक गतिविधियों का जवाब दिया। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि सीमा पर कई जगहों पर इस तरह के आमना-सामने की घटनाएं होती रहीं, जिससे सेना की गश्त और आम नागरिकों की आवाजाही प्रभावित हुई।

अतिक्रमण की खबरें केवल अफवाहें अरुणाचल प्रदेश के गृह मंत्री



बता दें कि अरुणाचल प्रदेश के गृह मंत्री मामा नटुंग ने रविवार को ही दावा किया था अरुणाचल प्रदेश में चीन द्वारा किसी भी तरह के अतिक्रमण की खबरें केवल अफवाहें और इंटरनेट मीडिया के कयास हैं। नटुंग ने रविवार को राजस्थान के सिरोही जिले में आयोजित कार्यक्रम में कहा था कि एक कदम तो छोड़िये, चीन भारत की एक इंच जमीन पर कब्जा नहीं कर पाएगा। उन्होंने चीन को चेतावनी देते हुए कहा कि यह 1962 वाला भारत नहीं है, यह नया भारत है। यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बीच-बीच में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर तनाव की खबरें आती रहती हैं। पड़ोसी देशों

सेनाओं को मिलेगा घातक ड्रोन, मिसाइलों का अभेद्य कवच

2.12 लाख करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी



हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। चीन-पाकिस्तान की सीमा से बढ़ते सुरक्षा खतरे के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई। जिसमें सशस्त्र सेनाओं की दुश्मन पर अचूक वार करने की युद्धक क्षमता में कई गुना का इजाफा करने के लिए कुल करीब 2.12 लाख करोड़ रुपए के ड्रोन, हेलिकॉप्टर और मिसाइल खरीद से जुड़े प्रस्तावों को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की गई है। रक्षा मंत्रालय ने इस स्वीकृति को आवश्यकता को लेकर दी गई मंजूरी (एओएन) का नाम दिया है। हथियारों, सैन्य प्लेटफॉर्म की खरीद के पीछे का असल मकसद सेनाओं की युद्धक क्षमता को हर हाल में मजबूती प्रदान करना है। जिससे वो जरूरत पड़ने पर दुश्मन के तुरंत दांत खट्टे कर सकें। इसके अलावा कुल स्वीकृत अनुबंधों की एक खास ये भी है कि इनमें से 82% खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी।

जन-केंद्रित विकास के लिए संसदों को सशक्त बनाने पर दिया जोर

लोकसभा अध्यक्ष ने 12वें ब्रिक्स संसदीय फोरम, 2026 का किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज नई दिल्ली स्थित संसद भवन के ऐतिहासिक संविधान सदन में आयोजित 12वें ब्रिक्स संसदीय फोरम, 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सदस्य एवं साझेदार देशों की संसदों से जन-केंद्रित विकास, वैश्विक शांति, सतत विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई गति देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संसदीय सहयोग के माध्यम से साझा चुनौतियों के समाधान विकसित करने और नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स राष्ट्राध्यक्षों के सम्मेलन में संयुक्त वक्तव्य को सर्वसम्मति से स्वीकृति दिए जाने को महत्त्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए बिरला ने सदस्य देशों के प्रति आभार व्यक्त किया।

आगरा चुनाव : छह अधिकारी निलंबित करने के निर्देश

इसके अलावा सरकार दूसरा पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) भी लांच करने की तैयारी में है। इससे निवेशकों को सरकारी कंपनियों में निवेश के नए विकल्प मिल सकते हैं। डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट (दीपम) के सचिव अरुणिश चावला ने मीडिया को बताया कि सरकार इन तीनों कंपनियों को शेयर मार्केट में एंट्री कराने की तैयारी कर रही है।

दीपम के सचिव चावला ने कहा, सरकार सूचीबद्ध कराने की कर रही तैयारी, आईआईएफसीएल, एमसीएल और एसईसीएल के नाम शामिल

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्सः छत्तीसगढ़ और मप्र में बड़ा कारोबार

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) भी कोल इंडिया की सहायक कंपनी है। इसका कारोबार मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में फैला है। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने 17.63 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया और करीब 4,755 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट कमाया। कंपनी की प्रमुख खदानों में गेवरा, कुसमुंडा और दीपका शामिल हैं। सरकार ने इसकी लिस्टिंग की तैयारी शुरू कर दी है और सलाहकारों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई गई है। इस कंपनी के आईपीओ के जरिए निवेशकों को कोल इंडिया के कारोबार में सीधे एक अलग कंपनी के शेयर खरीदने का अवसर मिल सकता है।



तीनों कंपनियों के आईपीओ लाने का कारण

सरकार इस साल पहले से शेयर बाजार में लिस्ट कंपनियों की हिस्सेदारी बेचने यानी ओएफएस के जरिए काफी रकम जुटा चुकी है। अब उसकी योजना नई सरकारी कंपनियों को बाजार में लाकर निवेशकों को निवेश के नए विकल्प देने की है। दीपम सचिव के मुताबिक, सरकार पहले से चल रहे हिस्सेदारी बिक्री के सौदों के साथ दो-तीन बड़ी लिस्टिंग पर ध्यान दे रही है।

दूसरा पब्लिक इनविट भी लाएगी सरकार : *तीन सरकारी कंपनियों की लिस्टिंग के अलावा सरकार वित्त वर्ष 2026-27 में दूसरा पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) लांच करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के कुछ हिस्सों की पहचान की गई है। इन राजमार्गों से भविष्य में होने वाली कमाई के आधार पर निवेशकों के लिए सिक्योरिटीज जारी की जा सकती हैं। इनविट के जरिए निवेशक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी संपत्तियों की कमाई में हिस्सेदारी हासिल कर सकते हैं।*

आईआईएससीएलः इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को देती है कर्ज : इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) पूरी तरह भारत सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी है। इसकी स्थापना 2006 में हुई थी। कंपनी सड़क, बिजली और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए लंबी अवधि का वित्त उपलब्ध कराती है। मार्च 2026 तक कंपनी की कुल संपत्ति 98,481 करोड़ रुपए और नेटवर्थ 17,898 करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने 1,379 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया। आईआईएफसीएल के प्रस्तावित आईपीओ में सरकार की हिस्सेदारी की बिक्री के साथ नए शेयर जारी करने का विकल्प भी शामिल होने की उम्मीद है।

महानदी कोलफील्ड्सः सबसे बड़ी कोयला उत्पादक सहायक कंपनी

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल), सरकारी कंपनी कोल इंडिया की सहायक कंपनी है। इसका मुख्यालय ओडिशा में है। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने 21.83 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। यह कोल इंडिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक सहायक कंपनी रही। इस दौरान कंपनी का रेवेन्यू लगभग 30,550 करोड़ रुपए और नेट प्रॉफिट करीब 10,698 करोड़ रुपए रहा। महानदी कोलफील्ड्स के आईपीओ में कोल इंडिया अपनी 10 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की तैयारी कर रही है। इसके तहत करीब 66.18 करोड़ शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए बेचे जाने का प्रस्ताव है। इस बिक्री से मिलने वाला पैसा महानदी कोलफील्ड्स के बजाय उसकी मूल कंपनी कोल इंडिया को मिलेगा।

बिजनेस साइट

शुभम के मार्ट में 'जितना खरीदो, उतना मुफ्त पाओ' फेस्टिव ऑफर

रायपुर। दिवाली के त्योहार पर ग्राहकों को खरीदारी में अतिरिक्त लाभ देने के उद्देश्य से शुभम के मार्ट ने 'जितना खरीदो, उतना मुफ्त पाओ' फेस्टिव ऑफर शुरू किया है। 16 से 31 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले इस ऑफर के तहत ग्राहकों को लकी ड्रॉ के जरिए अपनी पिछली खरीदारी के बिल के बराबर मुफ्त शॉपिंग करने का मौका मिलेगा। मार्ट प्रबंधन के अनुसार, छत्तीसगढ़ और गुजरात में संचालित 50 स्टोर्स में यह ऑफर लागू है। प्रत्येक स्टोर में रोजाना शाम 5 बजे लकी ड्रॉ निकाला जाएगा, जिसमें पांच विजेताओं का चयन होगा। विजेताओं को उनकी पिछली खरीदारी के बिल की राशि के बराबर मुफ्त खरीदारी का अवसर मिलेगा। त्योहारी खरीदारी को किफायती बनाने के लिए भारतीय मिठाइयों और नमकीन के चुनिंदा वेरिएंट पर बाय वन गेट वन ऑफर दिया जा रहा है। हल्दीराम, बिकाजी, नाकोड़ा और शुभ जैसे ब्रांड्स के उत्पादों के साथ कॉर्पोरेट गिफ्टिंग के विकल्प भी उपलब्ध हैं। वहीं, जनरल मर्चेंडाइज के गिफ्टिंग आइटम्स पर 70 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। मार्ट में किराना, डेली नीड्स, फैशन और जनरल मर्चेंडाइज की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। रायपुर के संतोषी नगर, पुरानी बस्ती, कोटा, सरोना, कमल विहार, देवेंद्र नगर, भाठागांव और सड्डु सहित कई क्षेत्रों में इसकी शाखाएं संचालित हैं।

सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स का 'धनतेरस शगुन' ऑफर

नई दिल्ली। धनतेरस के अवसर पर सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने 'धनतेरस शगुन' फेस्टिव ऑफर पेश किया है। यह ऑफर 26 अक्टूबर से 8 नवंबर 2026 तक कंपनी के सभी शोरूम में उपलब्ध रहेगा। इसके तहत ग्राहकों को सोने और हीरे के आभूषणों की खरीदारी पर विशेष छूट के साथ आकर्षक उपहार और लकी ड्रॉ में पुरस्कार जीतने का अवसर मिलेगा। ऑफर के तहत सोने के आभूषणों पर प्रति 10 ग्राम 14,000 रुपए तक की छूट और प्राकृतिक हीरों की कीमत पर 36% तक की छूट दी जा रही है। पुराने सोने के बदले नए सोने के आभूषण खरीदने पर 0% कटौती की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, प्रत्येक खरीदारी पर सुनिश्चित उपहार दिया जाएगा। एसबीआई क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने वाले ग्राहकों को लागू नियम एवं शर्तों के अनुसार 7,500 रुपए तक की तत्काल छूट मिलेगी। कंपनी के अनुसार, ग्राहक लकी ड्रॉ में शामिल होकर 1.20 करोड़ रुपए मूल्य के सोने और आईफोन 18 प्रो सहित विभिन्न पुरस्कार जीत सकते हैं। फेस्टिव कलेक्शन में सोने के सिक्कों से लेकर प्राकृतिक हीरों और सोने के आकर्षक आभूषणों तक कई विकल्प उपलब्ध हैं। सेन्को गोल्ड लिमिटेड के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक सुवंकर सेन ने कहा कि धनतेरस भारतीय परंपरा में समृद्धि, सौभाग्य और नई शुरुआत का प्रतीक है। कंपनी की निदेशक एवं मार्केटिंग और डिजाइन प्रमुख जोइता सेन के अनुसार, आकर्षक डिजाइन, पारंपरिक कारीगरी और विशेष ऑफर्स के माध्यम से ग्राहकों को उनकी पसंद के आभूषण चुनने के अधिक अवसर मिलेंगे।



अधिकारियों ने कहा- रूसी कच्चे तेल की कीमत का लाभ कम हो रहा

माल ढुलाई लागत बढ़ने से रूसी कच्चे तेल की खरीद घटाएगी बीपीसीएल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) को नवंबर में रूस से कच्चे तेल की खरीद घटने की आशंका है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि माल ढुलाई की बढ़ती लागत से रूसी कच्चे तेल की कीमत का लाभ कम हो रहा है, जबकि पश्चिम एशिया से तेल खरीदना व्यावसायिक रूप से अधिक लाभ का सौदा हो गया है। कंपनी के निदेशक (वित्त) वेत्सा रामकृष्ण गुप्ता ने कंपनी के तिमाही नतीजों की घोषणा के मौके पर विश्लेषकों के साथ बातचीत में कहा, ''हमें पूरी मात्रा मिल रही है, लेकिन कुछ चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि माल ढुलाई की ऊंची लागत के कारण नवंबर में रूसी कच्चे तेल की खेप में काफी कमी आई है।

दिसंबर में रूस से तेल खरीदना फायदेमंद हो सकता है

हालांकि, उन्होंने कहा कि कंपनी ने अपनी रिफाइनरी का परिचालन जारी रखने के लिए पर्याप्त कच्चे तेल की व्यवस्था कर ली है। गुप्ता ने बताया कि अक्टूबर में रूसी कच्चे तेल की कीमत मानक कीमत से 12-13 डॉलर प्रति बैरल अधिक थी, जो हाल में घटकर करीब 1-2 डॉलर प्रति बैरल के प्रीमियम पर आ गई है। ऐसे में दिसंबर में रूस से तेल खरीदना आर्थिक रूप से अधिक फायदेमंद हो सकता है।

- नवंबर में रूस से कच्चे तेल की खरीद घटने की आशंका
- बढ़ती लागत से रूसी कच्चे तेल की कीमत का लाभ कम हो रहा
- पश्चिम एशिया से तेल खरीदना अधिक लाभ का सौदा हो गया



जुलाई-सितंबर में 37 फीसदी तेल रूस से खरीदा

बीपीसीएल ने जुलाई-सितंबर तिमाही में अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का करीब 37 प्रतिशत रूस से खरीदा था। वैश्विक तनाव के कारण समुद्री परिवहन मार्गों में व्यवधान आने और माल ढुलाई तथा बीमा लागत बढ़ने के बीच कंपनी ने कच्चे तेल की खरीद के स्रोतों में विविधता लाना जारी रखा है।

प्रत्येक खेप की खरीद लागत अलग होती है

कंपनी को अक्टूबर और नवंबर में भी पश्चिम एशिया से अधिक मात्रा में कच्चा तेल मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव बना हुआ है और प्रत्येक खेप की खरीद की लागत माल ढुलाई, बीमा तथा आपूर्ति की शर्तों के आधार पर अलग-अलग होती है।

रिफाइनिंग मार्जिन पर दबाव पड़ा

गुप्ता के अनुसार, स्रोत और आपूर्ति मार्ग के आधार पर बीपीसीएल की कच्चे तेल की औसत पहुंच लागत मानक कीमत से करीब 10-12 डॉलर प्रति बैरल अधिक रही। कच्चे तेल की माल ढुलाई लागत बढ़ी है, जबकि पेट्रोलियम उत्पादों की ढुलाई लागत में उसी अनुपात में वृद्धि नहीं हुई है। इससे रिफाइनिंग मार्जिन पर दबाव पड़ा है।

सऊदी अरब से आपूर्ति में सुधार

गुप्ता ने कहा कि तिमाही के दौरान सऊदी अरब से आपूर्ति में सुधार के बाद कंपनी ने पश्चिम एशिया से खरीद बढ़ाई है। हालांकि, इराक और कुवैत से आपूर्ति अभी पूरी तरह सामान्य स्तर पर नहीं लौटी है। बीपीसीएल को अक्टूबर और नवंबर में पश्चिम से अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में कच्चा तेल मिलने की उम्मीद है।

सोना 200 रुपए मजबूत चांदी स्थिर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। रुपये में कमजोरी और वैश्विक बाजारों में मामूली सुधार से सोने की कीमतों को समर्थन मिला। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,46,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमत (सभी करों सहित) 2,02,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। इससे पहले इसमें लगातार तीन कारोबारी सत्रों में गिरावट दर्ज की गई थी। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई।

हुंडई ने पेश किया नया एसयूवी मॉडल 'बेयॉन'



- 'बेयॉन' 9,99,900 रुपए की शुरुआती कीमत पर पेश
- कंपनी का क्रेटा के साथ मिलकर बिक्री बढ़ाने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया ने सोमवार को कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित खूबियों वाले नए एसयूवी मॉडल 'बेयॉन' को 9,99,900 रुपए की शुरुआती कीमत पर पेश किया। कंपनी ने बेयॉन और 'क्रेटा' मॉडल की 2027 में कुल 2.5 लाख से अधिक इकाइयों की बिक्री का लक्ष्य रखा है।

हुंडई मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तरुण गर्ग ने नए मॉडल की पेशकश के मौके पर कहा कि कंपनी मध्यम आकार के स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) खंड में अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखने के लिए क्रेटा और बेयॉन की संयुक्त बिक्री बढ़ाना चाहती है।

सीईओ गर्ग ने बताया कि कंपनी वर्ष 2030 तक हर साल एक नया उत्पाद पेश करने की योजना पर काम कर रही है। इसके तहत सीएनजी, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन खंड पर ध्यान दिया जाएगा। गर्ग ने कहा कि बेयॉन मॉडल की पेशकश के बाद कंपनी इस साल एक कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक एसयूवी भी पेश करेगी। हुंडई के लिए 4.2 मीटर लंबे आकार वाली एसयूवी बेयॉन नई उत्पाद रणनीति का हिस्सा है।

50 से अधिक देशों में निर्यात की योजना

कंपनी को इस मॉडल को फाइव स्टार सुरक्षा रेटिंग मिलने की उम्मीद है। हालांकि, अभी इसका 'भारत एनसीएपी' में परीक्षण चल रहा है। बेयॉन फिलहाल पेट्रोल विकल्प में उपलब्ध होगी। कंपनी ने जनवरी में इसका सीएनजी विकल्प पेश करने की योजना भी बताई है।

भारतीय कंपनियों पर 'बैकडोर' मालवेयर हमले बढ़े

नई दिल्ली। भारत में छोटी और मझोली कंपनियों की कंप्यूटर प्रणाली पर 'बैकडोर' मालवेयर हमले 2026 की पहली छमाही में पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 52.1 प्रतिशत बढ़े। साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्की की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। कैस्परस्की सिक्योरिटी नेटवर्क के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से जून, 2026 के दौरान बैकडोर के 4.52 लाख मामले सामने आए, जबकि 2025 की पहली छमाही में इनकी संख्या 2.97 लाख थी। पिछले साल की दूसरी छमाही में ऐसे 4.08 लाख मामले दर्ज किए गए थे।

15 अक्टूबर को गंभीर चेतावनी जारी की गई थी

रैनसमवेयर ऐसा मालवेयर है, जो कंप्यूटर में मौजूद फाइल को लॉक या एनक्रिप्ट कर देता है और उन्हें दोबारा उपलब्ध कराने के बदले 'पैसा' मांगा जाता है। ये निष्कर्ष ऐसे समय आए हैं, जब भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल ने 15 अक्टूबर को एक गंभीर चेतावनी जारी की थी।

बैकडोर प्रवेश का एक गुप्त रास्ता : बैकडोर एक ऐसा गुप्त रास्ता है, जिसके जरिये साइबर हमलावर कंप्यूटर या नेटवर्क की सामान्य सुरक्षा व्यवस्था को दरकिनार कर उसमें प्रवेश कर सकते हैं। एक बार पहुंच बनाने के बाद वे डेटा चुरा सकते हैं, नेटवर्क के दूसरे हिस्सों तक पहुंच सकते हैं या आगे और साइबर हमले कर सकते हैं। फिशिंग में संवेदनशील जानकारी हासिल करने की कोशिश कंपनी के वैश्विक सर्वेक्षण में फिशिंग, मालवेयर और रैनसमवेयर के साथ इन्हें भी सबसे नुकसानदेह साइबर घटनाओं में गिना गया। फिशिंग में धोखाधड़ी वाले ईमेल या संदेशों के जरिये लोगों से पासवर्ड और बैंक संबंधी संवेदनशील जानकारियां हासिल करने की कोशिश की जाती है।

प्रतिदिन 20,650 प्रयास किए गए

रिपोर्ट के अनुसार, रिमोट डेस्कटॉप प्रोटोकॉल (आरडीपी) के जरिये कंप्यूटर सिस्टम तक पहुंचने के लिए किए गए प्रयासों की संख्या 37.38 लाख रही। यह औसतन प्रतिदिन करीब 20,650 प्रयास है।

इट्सा हॉस्पिटल्स में रोबोटिक हिप रिप्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध

रायपुर। कूल्हे के जोड़ में गंभीर दर्द, गठिया और एवस्कुलर नेक्रोसिस जैसी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए इट्सा हॉस्पिटल्स में सीटी-गाइडेड स्ट्राइकर मेको रोबोटिक-आर्म-असिस्टेड हिप रिप्लेसमेंट सिस्टम की सुविधा उपलब्ध है। इस आधुनिक तकनीक की मदद से सर्जरी की बेहतर योजना बनाने और कृत्रिम जोड़ को अधिक सटीकता से स्थापित करने में सहायता मिलती है। रोबोटिक सिस्टम में सर्जरी से पहले सीटी स्कैन के आधार पर कूल्हे की हड्डियों का तीन-आयामी मॉडल तैयार किया जाता है। इससे डॉक्टर मरीज की हड्डियों की बनावट और जोड़ की स्थिति के अनुसार सर्जरी की योजना बना सकते हैं। ऑपरेशन के दौरान रोबोटिक आर्म इम्प्लांट लगाने में सर्जन को मार्गदर्शन देता है। इससे सर्जिकल प्लानिंग और इम्प्लांट की पोजिशनिंग में सटीकता बढ़ाने में मदद मिलती है।



विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम

इट्सा हॉस्पिटल्स के कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अंकित कुमार गर्ग ने एम्स से जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी में एम.सीएच की डिग्री प्राप्त की है। उन्हें मिनिमली इनवेसिव हिप रिप्लेसमेंट की डायरेक्ट एंटीरियर अप्रोच तकनीक में विशेष प्रशिक्षण मिला है। 11 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ वे जटिल हिप और नी रिप्लेसमेंट सर्जरी में विशेषज्ञता रखते हैं। वहीं, डॉ. नीरज कुमार खरे कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक एवं पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सर्जन हैं। उन्हें जटिल चोटों, बच्चों की हड्डियों से जुड़ी समस्याओं और रीढ़ की हड्डी के उपचार में विशेषज्ञता प्राप्त है।

रिकवरी में फिजियोथेरेपी अहम

सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति के अनुसार उसे जल्द ही सहायता से चलने की शुरुआत कराई जा सकती है। फिजियोथेरेपी और नियमित देखभाल से रिकवरी में मदद मिलती है। ठीक होने में लगने वाला समय मरीज की उम्र, स्वास्थ्य और सर्जरी की जटिलता पर निर्भर करता है। लगातार दर्द या चलने में परेशानी होने पर समय रहते हड्डी रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना जरूरी है।

राशिफल

मेष — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

वृष — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

मिथुन — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

कर्क — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

सिंह — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कन्या — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

तुला — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

वृश्चिक — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

धनु — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

मकर — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

मीन — शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट का लाभ बढ़कर 918 करोड़

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 918.70 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी को 17.82 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 860.86 करोड़ रुपये हो गई। जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 113.23 करोड़ रुपये थी।

शब्द पहेली - 6390



बाएँ से दाए-
1. दयालु, उदार-5
4. गगन, आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा, गाऊन-3
9. छुट्टी, अवकाश-2
10. आबे हयात, काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना, भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत, बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम, सूरी-5
22. दुत्कारना, डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर, सवेरा-3
28. मूल्य, कीमत-2
29. महीन, बहुत छोटा-3
30. फूंक, दम, सुट्टा -2
32. झंकार, प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता, ज्वर-2
36. ओट, चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर, सना हुआ-4
39. निर्माता, रचना करने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. कैदी, बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत, तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई, चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली, रिक्त-2
16. लाईन, पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन, दरिद्र-3
21. लश्कर, फौज-2
22. नष्ट, अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय, धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा, अभिलाषा-3
35. राह, मार्ग-2
37. टैक्स, हाथ-2

शब्द पहेली - 6389 का हल

	खा	दि	म				र	ह	ना
दा	द		हा	ति	म	ता	ई		क	प
न			न	ल		र	स			ना
व	च	न		स्प	र	ण		व	रा	ह
	क	ल	म			ण		नी	र	ज
	ना		री	स		जा	ल		कु	
	चू	स	ना		प		म	हि	मा	
च	र	खा		ग	रि	मा		ना	र	द
र			त	म		य	म			ली
म	स्त		स	ला	ह	का	र		क	ल
	र	सी	ला				जी	तें	द्र	

सूडोकु नवताल- 6400

मध्यम

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6399 का हल

5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
4	8	6	5	9	2	3	7	1
1	3	9	6	7	8	4	2	5
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

MANGAL SENACHA, BANGALORE

खबर संक्षेप



गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में बनाया दबाव : ब्रैसवेल

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल ने कहा कि भारतीय गेंदबाजों ने मौजूदा टी20 श्रृंखला के दौरान डेथ ओवरों में उनके बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा है, जो उनकी टीम का पहला दो मैच में हार का प्रमुख कारण रहा है। ब्रैसवेल ने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्होंने हमें दबाव में रखा, खासकर गेंदबाजी करते हुए डेथ ओवरों में। इन दोनों मैच में काफी रन बने इसलिए उन्होंने एकतरफा जीत हासिल नहीं की। इस तरह के मैचों में महत्वपूर्ण अवसरों पर अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी होता है। भारत ने ऐसा किया और उम्मीद है कि आगे हम ऐसा करने में सफल रहेंगे।' भारतीय गेंदबाजों ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के आखिरी दो ओवरों में 26 रन दिए और दूसरे मैच के आखिरी दो ओवरों में 23 रन देकर मेजबान टीम को नियंत्रण में रखा। लेकिन ब्रैसवेल का मानना है कि न्यूजीलैंड अपना संपूर्ण प्रदर्शन करने के लगभग करीब है।

शादाब खान ने 9 विकेट गिरने के बाद पलटा मैच



लाहौर। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच वनडे मुकाबले में ऐसा रोमांच देखने को मिला, जिसने क्रिकेट प्रशंसकों को हैरान कर दिया। 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 154 रन पर 9 विकेट गंवा दिए थे। इंग्लैंड की जीत लगभग तय मानी जा रही थी, लेकिन शादाब खान ने आखिरी विकेट के लिए हारिस रऊफ के साथ मिलकर मैच का रुख बदल दिया। शादाब 96 गेंदों में 113 रन बनाकर नाबाद लौटे और पाकिस्तान को एक विकेट से जीत दिला दी। शादाब की इस शानदार पारी में 13 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। दूसरी ओर, हारिस रऊफ ने दूसरे छोर पर टिककर उनका साथ दिया। दोनों के बीच हुई साझेदारी ने पाकिस्तान को मुश्किल परिस्थिति से निकालकर जीत तक पहुंचा दिया।

भारत के पास गेंदबाजों के लिए अचूक योजना : मोर्कल



वेलिंगटन। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि भारत के पास गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के लिए 'अचूक' योजना है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए वैकल्पिक गेंदबाजों को भी रखने पर विचार कर रहा है, जिसमें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी शामिल हैं। भारतीय टीम प्रबंधन ने अपने गेंदबाजों के लिए यह योजना तैयार की है ताकि उन्हें 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैचों वाले इस दौरे के व्यस्त कार्यक्रम से निपटने में मदद मिल सके।

तीसरा टी20 आज : न्यूजीलैंड के खिलाफ भुवनेश्वर और अर्शदीप पर निगाहें

सीरीज सील करने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

बल्लेबाजों के दम पर पहले दो मैचों में जीत हासिल करने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ मंगलवार को होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी, जिसमें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी।

भारत 2020 से न्यूजीलैंड में अजेय

भारत 2020 से न्यूजीलैंड में अजेय रहा है। उसने विराट कोहली की अगुवाई में तब न्यूजीलैंड को 5-0 से हराया था। इसके बाद 2022-23 में अपने अगले दौरे में भारतीय टीम ने एकमात्र ऐसा मैच जीता, जो खराब मौसम से प्रभावित नहीं हुआ था, जबकि श्रृंखला का निर्णायक मैच टाई रहा था। अब श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम सुनिश्चित करना चाहेगी कि जसप्रीत बुमराह (जिन्हें आराम दिया गया है) और हार्दिक पंड्या (जो लंबे समय से चोट के कारण बाहर हैं) की अनुपस्थिति के बावजूद उनका अजेय रिकॉर्ड बरकरार रहे।



गंभीर की रणनीति कारगर

यह देखना दिलचस्प होगा कि अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन हवा और ठंड के उतार-चढ़ाव से कैसे निपटते हैं। सूर्यवंशी के लिए इस तरह की परिस्थितियां निश्चित रूप से उन्हें एक बेहतर खिलाड़ी बनाने में बहुत मददगार साबित होंगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर की तिलक वर्मा, नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी को मध्य क्रम में इस्तेमाल करने की रणनीति पहले दो मैचों में कारगर साबित हुई है। लेकिन गेंदबाजी के मामले में भारत अभी अपनी कमियों को दूर नहीं कर पाया है।

फिशर-टिकनर न्यूजीलैंड टीम में शामिल

न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाजों के लिए कार्यभार प्रबंधन योजना के तहत लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की अनुपस्थिति भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। न्यूजीलैंड ने इन दोनों की जगह पर मैट फिशर और ब्लेयर टिकनर को टीम में शामिल किया है।

मैच का समय :
भारतीय समयानुसार दोपहर 12:30 बजे।

ईशान तीसरे टी20 से बाहर

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने सोमवार को कहा कि चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच के दौरान 28 वर्षीय किशन के दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। मोर्कल ने कहा कि वह एहतियात के तौर पर तीसरे मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। मोर्कल ने कहा, 'ईशान की स्थिति अच्छी है और वह आज अभ्यास करेगा।



बैडमिंटन

आज से हाइलो ओपन, सिंधु और लक्ष्य पर भारतीय उम्मीदें

एजेंसी ▶▶| सारब्रकेन

फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहने के बाद पीवी सिंधु मंगलवार से शुरू होने वाले 5 लाख डॉलर इनामी हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी तो उनकी नजरें अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने पर होंगी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीता था और इसके बाद पेरिस में फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई। हालांकि, खिताबी मुकाबले में उन्हें दक्षिण कोरिया की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग के खिलाफ तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा था। सिंधु महिला एकल के पहले दौर में तुर्किये की नेस्लिहान आरिन से भिड़ेंगी।



हरियाणा के खिलाफ मुंबई का मजबूत स्कोर

मुंबई। अंगकृष रघुवंशी (114) और मुशीर खान (109) के शानदार शतक की मदद से मुंबई ने सोमवार को हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले के पहले दिन 3 विकेट पर 290 रन बनाकर मजबूत स्कोर की ओर कदम बढ़ाए। रघुवंशी ने अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक जड़ा जबकि मुशीर ने टूर्नामेंट में तीसरी बार 50 से अधिक रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 208 रन की साझेदारी करके मुंबई की पारी को मजबूती दी। मुंबई को दिव्यांश सक्सेना (10) के जल्दी आउट होने से शुरुआती झटका लगा लेकिन सलामी बल्लेबाज रघुवंशी और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे मुशीर ने तेज गर्मी और उमस के बीच शानदार शतक लगाकर मेजबान टीम को संभाल लिया। रघुवंशी ने 180 गेंद का सामना करते हुए 13 चौके और एक छक्का जड़ा जबकि मुशीर ने 185 गेंद की अपनी पारी में चौके और एक छक्का मारा।

दिल्ली ने झारखंड के खिलाफ बनाए 309 रन

रांची। शानदार फॉर्म में चल रहे कप्तान आयुष बडोनी के लगातार दूसरे शतक से दिल्ली ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मुकाबले के पहले दिन झारखंड के खिलाफ 5 विकेट पर 309 रन बनाए। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की टीम एक समय 181 रन तक 5 विकेट गंवा चुकी थी लेकिन बडोनी (नाबाद 106) ने ऑलराउंडर सुमित माथुर (नाबाद 50) के साथ छठे विकेट के लिए 128 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला।

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग

जसकरण के पांच गोल भी नहीं दिला सके जीत

आखिरी दो मिनट में संस्कारधानी ने बचाया मैच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में सोमवार को बैलाडीला बुल्स और संस्कारधानी स्ट्राइकर्स के बीच खेला गया मुकाबला रोमांच की सारी हदें पार कर गया। बैलाडीला बुल्स के जसकरण सिंह ने अकेले पांच गोल दागे, लेकिन इसके बावजूद टीम जीत हासिल नहीं कर सकी। मैच खत्म होने से महज दो मिनट पहले संस्कारधानी स्ट्राइकर्स ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मुकाबला 5-5 से बराबर कर दिया।

इस ड्रॉ के साथ संस्कारधानी स्ट्राइकर्स ने टूर्नामेंट में अपना पहला अंक हासिल किया। जसकरण सिंह को शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। मैच के पहले हाफ में संस्कारधानी स्ट्राइकर्स ने बेहतर खेल दिखाया। आर्यन खेस और आशीष तानी पूर्ति के गोल से टीम ने बढ़त बनाई। इसके बाद बैलाडीला बुल्स की ओर से जसकरण सिंह ने आक्रामक अंदाज में वापसी की। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर और पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए गोल करते हुए अपनी टीम को मुकाबले में बनाए रखा।

मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक समय संस्कारधानी स्ट्राइकर्स मजबूत स्थिति में थी, लेकिन बैलाडीला बुल्स ने लगातार गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। अंतिम पांच मिनट में दोनों टीमों का स्कोर 4-4 था। तभी जसकरण सिंह ने शानदार टॉमहॉक शॉट लगाकर अपना पांचवां गोल दागा और बैलाडीला बुल्स को 5-4 की बढ़त दिला दी।

आखिरी दो मिनट में पलटा मुकाबला

बैलाडीला बुल्स की जीत लगभग तय नजर आ रही थी, लेकिन संस्कारधानी स्ट्राइकर्स ने आखिरी समय तक संघर्ष जारी रखा। मैच समाप्त होने से दो मिनट पहले मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम ने स्कोर 5-5 कर दिया। इसके बाद कोई गोल नहीं हुआ और मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ।इस परिणाम के बाद बैलाडीला बुल्स दो अंकों के साथ अंकतालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि संस्कारधानी स्ट्राइकर्स एक अंक लेकर पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। दोनों टीमों को अब भी टूर्नामेंट में पहली जीत का इंतजार है। मुकाबला देखने के लिए विधायक धरमलाल कौशिक, सारडा के हेड ऑफ ऑपरेशंस मनोज शाह और छत्तीसगढ़ जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी भी मौजूद रहे।

दोहरे शतक से चूके पडिक्कल, भारत ए ने न्यूजीलैंड ए पर कसा शिकंजा

एजेंसी ▶▶| लिंकन

देवदत्त पडिक्कल सोमवार को भले ही विवादास्पद फैसले से दोहरे शतक से चूक गए लेकिन उनकी 199 रन की शानदार पारी से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए तीसरे नंबर के बल्लेबाज को लेकर चल रही बहस पर विराम लग गया। इसके साथ ही भारत ए ने शानदार वापसी करके न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली। भारत ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी ने 8 विकेट पर 488 रन बनाए हैं और उसने 284 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम पहली पारी ने 113 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ए ने 317 रन बना कर 204 रन की बढ़त हासिल की थी।

- भारत ए ने तीसरे दिन 8 विकेट पर बनाए 488 रन, हासिल की 284 रन की बढ़त
- न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में मजबूत की अपनी स्थिति



मिडफील्डर मनप्रीत टूर्नामेंट से बाहर सागर को मौका

जालंधर। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 से ठीक पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम को झटका लगा है। अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ट्रेनिंग के दौरान पिंडली में चोट लगने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर विवेक सागर प्रसाद को टीम में शामिल किया गया है। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 की शुरुआत मंगलवार से होगी, जिसमें भारत अपने खिताब का बचाव करने की तैयारी कर रहा है। खिताब के लिए भारत के अलावा मलेशिया, जापान, चीन, साउथ कोरिया और बांग्लादेश की टीमें भी हिस्सा लेंगी।

भारत का पहला मैच बांग्लादेश से
भारत अपना पहला लीग मैच 27 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद भारत का मुकाबला चीन (29 अक्टूबर), जापान (30 अक्टूबर), मलेशिया (1 नवंबर) और साउथ कोरिया (2 नवंबर) से होगा। जालंधर में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलने वाले लीग चरण के बाद, टूर्नामेंट मोहाली के 'ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम' में शिफ्ट हो जाएगा। यहां 4 और 5 नवंबर को सेमीफाइनल और मेडल के लिए मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के इस नौवें संस्करण में हिस्सा लेने वाली टीमों में से, भारत (जिसने रिकॉर्ड पांच बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीती है) के अलावा केवल साउथ कोरिया ने यह ट्रॉफी अपने नाम की है।

नगरपालिका आम / उप निर्वाचन

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग

"लोकतंत्र की शान, आपका मतदान"

नगरपालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026

निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन
दिनांक 23.10.2026

- निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय
- सहा. निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय
- संबंधित नगरीय निकाय कार्यालय
- दावा/आपत्ति हेतु निर्धारित स्थल

दावा/आपत्ति कौन कर सकता है

पात्र मतदाता -

- जिनकी आयु 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो गई हो।
- जिनका नाम विधानसभा निर्वाचन की प्रचलित निर्वाचक नामावली में है किन्तु नगरपालिका की निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन में छूट गया है।
- जिनका नाम गलत वार्ड में प्रकाशित हो गया हो।
- जिनका विवरण निर्वाचक नामावली में त्रुटिपूर्ण हो, उसके संशोधन हेतु।
- यदि प्रारंभिक प्रकाशन में किसी मतदाता/स्वयं के निर्वाचक नामावली में नाम होने पर आपत्ति हो तो उसके विलोपन हेतु।

दावा/आपत्ति तिथि :- दिनांक 23.10.2026 से 30.10.2026 (अपरान्ह 03.00 बजे) तक निर्धारित समयावधि में

दावा/आपत्ति का प्रारूप

A.	प्रारूप क	उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 2 एवं 3 हेतु
B.	प्रारूप ख	उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 4 हेतु
C.	प्रारूप ग	उपरोक्त बिन्दु क्रमांक 5 हेतु
D.	प्रारूप क-1 (संशोधित नवीन प्रावधान)	यदि आपका नाम नगरपालिका की प्रारंभिक प्रकाशित निर्वाचक नामावली एवं विधानसभा की प्रचलित निर्वाचक नामावली दोनों में नहीं है तो पहले विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाकर प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दिनांक 11.11.2026 तक आवेदन करना होगा।

दावा/आपत्ति का स्थान एवं समय

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चिन्हांकित स्थलों पर प्राधिकृत कर्मचारी को निर्धारित समय पर आवेदन प्रस्तुत कर उसकी पावती अवश्य लेवें।

S-49524/3

रोमांचक मुकाबले में बार्सिलोना को 2-1 से चटाई धूल

एमबाप्पे ने मैड्रिड के लिए पूरे किए 100 गोल

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

ला लीगा के मुकाबले में रियल मैड्रिड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एफसी बार्सिलोना को 2-1 से शिकस्त दी। मैड्रिड के जीत के नायक किलियन एमबाप्पे रहे, जिन्होंने इस मुकाबले में 2 गोल दागते हुए क्लब की ओर से अपने 100 गोल भी पूरे किए।

मैच की शुरुआत जूड बेलिंगहम के शानदार खेल से हुई। उन्होंने बेहतरीन तरीके से गेंद को घुमाते हुए अर्दा गुलेर को पास दिया, जिन्होंने आगे एडुआर्डो कामाविंगा के लिए मौका बनाया। इसके बाद किलियन एमबाप्पे ने चतुराई दिखाते हुए गेंद को पाउ कुबारसी के पास से निकाल दिया, जिससे मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ने गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी।



पहले हाफ में रियल मैड्रिड का दबदबा

पहले हाफ में रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को ज्यादा मौके नहीं दिए और उसके हमलों को अच्छी तरह रोके रखा। मैड्रिड के 1-0 की बढ़त लेने से पहले अर्दा गुलेर को भी दो अच्छे मौके मिले थे। मैच के सिर्फ चार मिनट बाद उनका पहला शॉट गोल पोस्ट से कुछ सेंटीमीटर दूर निकल गया। 14 मिनट बाद उन्हें दूसरा मौका मिला, जिसे जोन गार्सिया ने बचा लिया। 41वें मिनट में मैड्रिड की टीम ने शानदार तालमेल दिखाते हुए गोल का सूखा खत्म किया। यान डायोमांडे ने एक बेहतरीन क्रॉस दिया। हालांकि, गेंद को क्लियर करने की कोशिश में जेरार्ड मार्टिन से टकराकर गेंद एमबाप्पे के पास चली गई, जिन्होंने अपनी दाएं पैर से उसे गोल में पहुंचा दिया।



दुनिया का सबसे बड़ा झुमका, जिसे 55 कारीगरों ने मिलकर 5840 घंटे में बनाया



आबूधाबी। अगर पूछा जाए कि दुनिया के सबसे बड़े झुमके का वजन कितना होगा है? तो शायद ही कोई अंदाजा लगा पाए। पर दुबई की एक ज्वेलरी कंपनी ने सोने का एक जोड़ी का अनोखा झुमका बनाया है, जो दुनियाभर में अब तक का सबसे बड़ा झुमका है। इस झुमके को बनाने में 5840 घंटे लगे। जिसके लिए 55 कारीगरों ने कड़ी मेहनत की है। सोने का एक जोड़ी यह झुमका काफी चर्चा में है। इसे देखकर लोग हैरान रह गए।

22 कैरेट सोने का है यह झुमका

'मयूर सहस्र' (एक हजार मोर) नाम के 22 कैरेट सोने के झुमकों को 'जॉयलुक्कास ज्वेलरी' ने तैयार किया है। जिसका कुल वजन 16.514 किलोग्राम है। इस झुमके को 24 अक्टूबर को दुबई गोल्ड डिस्ट्रिक्ट में 'ज्वेल ऑफ जॉय बाय जॉयलुक्कास' में प्रदर्शित किया गया। ज्वेल ऑफ जॉय मध्य पूर्व का सबसे बड़ा ज्वेलरी शोरूम है, जो अभी हाल में खुला है।



सबसे बड़े झुमके ने अपने नाम किए 2 रिकॉर्ड

इसी के साथ इस झुमके ने दुनिया में सोने के सबसे बड़े और सबसे भारी झुमके का अपने दो गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स अपने नाम किया है। झुमके की लंबाई 1.215 मीटर और 0.682 मीटर व्यास है। इस झुमके को बनाने में 55 कुशल कारीगरों को कई महीनों तक काम करना पड़ा, जिसमें कुल 5,840 घंटे लगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, जॉयलुक्कास ज्वेलरी के सीईओ जॉन पॉल अलुक्कास ने बताया कि यह विचार कंपनी के यूएई में बिताए चार दशकों और दुबई के विकास को करीब से देखने के अनुभव से आया है। उन्होंने कहा कि हम पिछले 40 वर्षों से यूएई में हैं और हमने देखा है कि यूएई और दुबई ने कितनी तरक्की की है।

मोर से लिया गया है झुमके का नाम

हमने दुबई को कई रिकॉर्ड तोड़ते हुए देखा है, इसलिए हमने सोचा कि हमें भी कुछ ऐसा करना चाहिए जिससे हम दुबई को कुछ वापस दे सकें। कंपनी ज्वेलरी के क्षेत्र में कुछ ऐसा बनाना चाहती थी, जो दुबई की उपलब्धियों में अपना योगदान दे सके। इसी के बाद दुनिया का सबसे बड़ा सोने का झुमका बनाने का फैसला किया। इन झुमकों का नाम मोर से लिया गया है, जो भारतीय संस्कृति में शालीनता, गर्व और सुंदरता का प्रतीक है। यह नाम एक पौराणिक कथा से जुड़ा है, जिसमें एक दिव्य मोर ने अपने एक हजार पंख गिरा दिए थे। हर पंख में एक प्रार्थना, इच्छा या सपना छिपा था. इस प्रदर्शनी में गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के एक आधिकारिक निर्णायक ने अल मरी, जॉयलुक्कास ग्रुप के चेयरमैन डॉ. जॉय अलुक्कास और जॉन पॉल को दोनों रिकॉर्ड्स के लिए प्रमाण पत्र सौंपे।

सूरत में चांदी पड़वा पर 'गोल्ड घारी' की दीवानगी, 21 हजार रुपए किलो कीमत

गांधीनजर। सूरत के पारंपरिक त्योहार 'चांदी पड़वा' पर इस बार मिठास के साथ महंगाई का तड़का लगा है। सूरत की पहचान बन चुकी मशहूर 'गोल्ड घारी' की कीमत इस साल आसमान छूते हुए 21 हजार रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है, जो पिछले साल की तुलना में सीधे 5000 रुपए महंगी है। सूखे मेवों और सोने के बढ़ते दामों ने भले ही सामान्य और गोल्ड घारी दोनों को महंगा कर दिया हो, लेकिन सूरती कस्टमर्स का उत्साह कम नहीं हुआ है। त्योहार से पहले ही दुकानों पर एडवांस बुकिंग का तांता लगा है। इस बार पारंपरिक स्वाद के साथ कुनाफा और ब्लूबेरी जैसे 17 नए फ्यूजन फ्लेवर भी ग्राहकों को लुभा रहे हैं। साफ है कि जेब पर भारी पड़ने के बावजूद, सूरतवासी अपनी इस ऐतिहासिक स्वाद परंपरा से कोई समझौता करने के मूड में नहीं हैं।

21 हजार रुपए किलो गोल्ड घारी

इस साल 26 अक्टूबर को मनाए जाने वाले चांदी पड़वा को लेकर मिठाई की दुकानों पर तैयारियां जोरों पर हैं। सूरत की खास पहचान बन चुकी गोल्ड घारी की कीमत इस साल आसमान छू रही है। पिछले साल जिस गोल्ड घारी की कीमत 16,000 रुपए प्रति किलो थी, वह इस साल बढ़कर 21,000 रुपए प्रति किलो हो गई है। यानी एक ही साल में इसकी कीमत में 5,000 रुपए प्रति किलो का इजाफा हुआ है।



महंगाई की मार

वहीं, दुकानदारों के मुताबिक ड्राई फ्रूट्स समेत अन्य सामग्री की बढ़ती कीमतों के चलते सामान्य घारी के दाम में भी पिछले साल की तुलना में लगभग 50 से 60 रुपए तक की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, कीमतों में भारी उछाल के बावजूद गोल्ड घारी को लेकर ग्राहकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। त्योहार से पहले ही लोग एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। सूरत के साथ-साथ देश के दूसरे शहरों और विदेशों से भी इसकी मांग आने की बात दुकानदार बता रहे हैं। खास मेहमानों की खातिरदारी और परिवार के साथ त्योहार मनाने के लिए लोग इस खास घारी को खरीद रहे हैं।

17 फ्लेवर की घारी उपलब्ध

इस बार मिठाई की दुकानों पर पारंपरिक घारी के साथ नए-नए प्रयोग भी देखने को मिल रहे हैं। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अलग-अलग स्वाद और अनोखी वैरायटी तैयार की गई हैं। पार्ले पॉइंट स्थित '24 कैरेट स्वीट्स' में इस साल कुल 17 फ्लेवर की घारी उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें कुनाफा, ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी, अंजीर-अखरोट, केसर-पिस्ता, बादाम-पिस्ता, चीकू-चॉकलेट और चॉकलेट चिप्स जैसी वैरायटी शामिल हैं। इसके अलावा गोल्ड घारी भी ग्राहकों के बीच खास आकर्षण बनी हुई है।

पिछले साल गोल्ड घारी थी 18 हजार रुपए किलो

दुकान के मैनेजर प्रदीपभाई के मुताबिक, हर साल ग्राहक कुछ नया स्वाद चखना चाहते हैं। इसी मांग को ध्यान में रखते हुए इस बार नई वैरायटी तैयार की गई हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साल गोल्ड घारी की कीमत 18,000 रुपए प्रति किलो थी, जिसे इस साल बढ़ाकर 21,000 रुपए किया गया है।

गुजरातियों के लिए खास परंपरा

चांदी पड़वा की खरीदारी का क्रेज सिर्फ सूरत तक सीमित नहीं है। नवसारी से घारी खरीदने पहुंचीं ग्राहक त्विंकल ने बताया कि चांदी पड़वा के मौके पर घारी खरीदना गुजरातियों के लिए खास परंपरा है। वह विशेष रूप से सूरत की अलग-अलग वैरायटी और स्वाद के कारण यहां आई हैं। त्विंकल के मुताबिक, दुकान पर उन्हें ब्लूबेरी, गोल्ड और अंजीर जैसी कई यूनिक वैरायटी देखने को मिलीं। उन्होंने इस बार नई कुनाफा घारी भी ट्राई की, जिसका स्वाद उन्हें काफी पसंद आया।

अनोखा अस्पताल, यहां अमीर गरीब सबका होता है मुफ्त इलाज



जयपुर। जयपुर में एक ऐसी जगह है जहां डॉक्टर केवल इलाज नहीं करते, बल्कि उन लोगों के जीवन में नई रोशनी भरने का काम कर रहे हैं जो लकवे, कोमा या गंभीर चोटों की वजह से बिस्तर से बंध गए थे। 'विवान सेवा संस्थान' के नाम से चल रहा यह 'लकवा घर' चिकित्सा जगत में सेवा और समर्पण की एक मिसाल पेश कर रहा है। इस संस्थान की शुरुआत न्यूरोसर्जन डॉ. मुकेश भास्कर और उनकी पत्नी डॉ. मुक्ता ने की है। एसएमएस हॉस्पिटल के प्रोफेसर के तौर पर काम करते हुए डॉ. मुकेश ने महसूस किया कि गरीब मरीजों को इलाज के बाद घर पर वैसी देखरेख नहीं मिल पाती, जैसी उन्हें जरूरत होती है। उन्होंने अपनी कमाई और मेहनत से इस संस्थान की नींव रखी, ताकि जरूरतमंदों को फिजियोथेरेपी से लेकर नर्सिंग देखभाल तक सब कुछ एक ही छत के नीचे मिल सके।

रहने और खाने का भी नहीं लगता पैसा!

इलाज के साथ रहना और खाना भी फ्री

इस संस्थान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां मरीज के साथ आने वाले अटेंडेंट के लिए भी रहना और भोजन पूरी तरह से फ्री है। यहां की व्यवस्था किसी अस्पताल जैसी नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह है। मरीज के कमरे में एलईडी पर भजन-कीर्तन और कथाएं चलती रहती हैं, ताकि मरीजों का मनोबल बना रहे और वे पॉजिटिव महसूस करें।

समाज का मिल रहा साथ

शुरुआत में पांच बेड से शुरू हुआ यह सफर आज 20 बेड तक पहुंच गया है। आज कई लोग इस नेक काम से जुड़कर गेहूं, घी, तेल और अन्य आवश्यक चीजें दान कर रहे हैं, जिससे यह सेवा लगातार चल रही है। डॉ. मुकेश कहते हैं कि जब कोई मरीज ठीक होकर अपने घर लौटता है, तो जो सुकून मिलता है, वह किसी भी फीस से कहीं ज्यादा बड़ा होता है। आज इस संस्थान में राजस्थान के अलावा हरियाणा, एमपी, यूपी और बिहार तक के मरीज अपनी जटिल बीमारियों का इलाज कराने पहुंच रहे हैं। विवान सेवा संस्थान उन मिडिल क्लास परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा बन गया है जो लाखों रुपए के इलाज का खर्च नहीं उठा सकते।

सिर्फ 2 साल की उम्र, तबले पर बजाईं 12 ताल; नन्हीं बच्ची ने बनाया रिकॉर्ड

बेंगलुरु। कर्नाटक में 2 साल 10 महीने की बच्ची ने तबले पर रिकॉर्ड बना दिया है। उसने तबले पर 12 ताल अलग-अलग ताल बजाकर सबको हैरान कर दिया। बड़ी बात है कि बच्ची ने जिस उम्र में यह कमाल किया है, उस उम्र में अधिकतर बच्चे बोलना सीख रहे होते हैं। तबले से रिकॉर्ड बनाने वाले 3 वर्षीय बच्ची का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इतनी कम उम्र में बच्ची की यह प्रतिभा देख लोग तारीफ कर रहे हैं।

तबले पर 12 ताल सुनाकर खींचा



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बच्ची से जुड़े कई वीडियो शेयर किए गए। एक्स पर एक यूजर ने बच्ची का वीडियो शेयर करते हुए बताया कि इस बच्ची का नाम स्वरश्री हेगड़े है। बच्ची की उम्र महज 2 साल 10 महीने है। यूजर ने लिखा कि इतनी छोटी उम्र में ही बच्ची ने तबले पर 12 ताल सुनाकर और बजाकर 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में अपना नाम दर्ज कराया है।

उत्तर कन्नड़ के होन्नावर की है बच्ची

छोटी से उम्र में तबले से रिकॉर्ड बनाने वाली बच्ची कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के होन्नावर की बताई जा रही है। लोग उसके वीडियो पर कमेंट करके तारीफ कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात है कि जिस उम्र में बच्ची के कारनामे का दावा किया जा रहा है, उस उम्र के अन्य बच्चे ठीक से बोलना तक नहीं सीख पाते हैं। एक यूजर ने इसे उत्तर कन्नड़ के लिए गर्व का पल बताया, जबकि दूसरे ने कहा कि इस बच्ची पर देवी सरस्वती (जो ज्ञान, संगीत और कला की देवी हैं) का आशीर्वाद है। एक्स पर एक अन्य यूजर ने लिखा कि यह तो अविश्वसनीय है। ऐसा लग रहा है जैसे कोई नन्ही देवी तबला बजा रही हो और संगीत के सारे सुर सुना रही हो।

अपार्टमेंट की खुदाई में खुला 1750 साल पुराना राज

नई दिल्ली। बुलगारिया में ब्लैक सी के नजदीक आर्कियोलॉजिस्ट्स को रोमन काल के एक बच्चे की कब्र मिली है।यह खोज स्टारा जागरा शहर में एक नए अपार्टमेंट और पार्किंग प्रोजेक्ट के सर्वे के दौरान हुई। कब्र के अंदर से सोने की खूबसूरत बालियां और एक छोटा ब्रॉन्ज सिक्का बरामद हुआ है।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com